आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

• वर्ष- 16 अंक 165 • कटनी • रविवार, 17 जुलाई, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • श्रावण मास कृष्ण पक्ष-4 • विक्रम संवत 2079 शके 1935



## जबलपुर समेत चार शहरों में कांग्रेस





**भोपाल,यशभारत।** चुनाव प्रचार में शिवराज सिंह चौहान और कमलनाथ ने एक-दूसरे को कांटे की टक्कर दी। दोनों नेताओं ने अपनी ताकत का अहसास कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी। क्योंकि वे निकाय चुनाव को सेमीफाइनल के तौर पर ले रहे हैं। बड़े राजनीतिक दलों के लिए चुनाव में जीत और हार दोनों महत्वपूर्ण हैं। मध्यप्रदेश में कांग्रेस कमलनाथ के फेस पर फाइट कर रही है, तो बीजेपी के पास शिवराज सिंह चौहान हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में शिवराज सिंह चौहान सत्ता गंवा चुके थे। हालांकि जोड़-तोड़ की बदौलत वो एक बार फिर से राज्य के मुख्यमंत्री बन गए। वैसे, 2015 में हुए चुनाव में ज्यादातर निगमों पर बीजेपी का कब्जा रहा था। इस चुनाव में कांग्रेस उन्हें छीनने की जुगत में लगी रही।

### पहले से बीजेपी जीतती आ रही सीटें

नगर निकाय चुनाव में प्रदेश के दो बड़े नेताओं (शिवराज और कमलनाथ) का भविष्य छिपा है। 2015 में हुए चुनाव में सभी 16 निगम में बीजेपी के मेयर चुने गए थे। 7 साल बाद हो रहे चुनाव में कैल्कुलेशन कितना कामयाब होगा, ये शिवराज के लिए चुनौती है। निकाय चुनाव में स्थानीय मुद्दे हावी रहते हैं। हालिया बारिश की वजह से लोगों के घरों में पानी घुसा। बदइंतजामी से अगर लोगों का मूड खराब हुआ होगा, तो शिवराज सिंह चौहान के लिए बड़ा सेटबैक हो सकता है।





# बुरहानपुर में भाजपा प्रत्याशी माधुरी जीतीं भाजपा 7 पर, सिंगरौली में आप आगे

**भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश के 11 नगर निगमों में महापौर पद के चुनावों में दिलचस्प स्थिति बन गई है। शहर सरकार का पहला नतीजा बुरहानपुर से सामने आया जहां भाजपा प्रत्याशी माधुरी पटेल ने 588 वोट से जीत दर्ज की। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी शहनाज अंसारी को हराया। 6 निगमों में भी भाजपा बढ़त बनाए हुए है। कांग्रेस 3, तो आप 1 सीट पर आगे है। इंदौर, उज्जैन और सतना में कांग्रेस ने अपने विधायकों को मेयर चुनाव में उतारा है। तीनों पीछे चल रहे हैं।**

सतना में भाजपा की जीत स्पष्ट होती जा रही है। सातवें राउंड के बाद भाजपा के महापौर प्रत्याशी योगेश ताम्रकार ने 23 हजार वोट की बढ़त हासिल कर ली है। 45 वार्ड में से 22 पर भाजपा का कब्जा हो गया है। वहीं, कांग्रेस 17 पर, बसपा एक पर और अन्य पांच सीटों पर जीत हासिल करती दिख रही है।

भोपाल में भाजपा की महापौर प्रत्याशी मालती राय 5541 वोट से आगे चल रही हैं। इंदौर में भाजपा प्रत्याशी पुष्यमित्र भार्गव 18 हजार वोट से लीड बनाए हुए हैं। जबलपुर में कांग्रेस प्रत्याशी जगत बहादुर 33 हजार की लीड लिए हुए हैं। ग्वालियर में कांग्रेस प्रत्याशी शोभा सिकरवार दूसरे राउंड में 7 हजार वोट से आगे हैं। उज्जैन में कांग्रेस प्रत्याशी महेश परमार पहले राउंड में आगे रहे, लेकिन दूसरे राउंड से बीजेपी प्रत्याशी मुकेश टटवाल ने बढ़त बना ली। वे 1158 वोटों से आगे चल रहे हैं। सागर में भी तीसरे राउंड में भाजपा प्रत्याशी संगीता तिवारी 7010 वोट से आगे हैं। खंडवा में भाजपा प्रत्याशी अमृता यादव 6 हजार वोट से लीड लिए हुए हैं। छिंदवाड़ा में कांग्रेस प्रत्याशी अहाके 58 वोट से आगे चल रहे हैं। सिंगरौली में पहली बार अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार बढ़त बनाए हुए हैं। आम आदमी पार्टी प्रत्याशी रानी अग्रवाल दूसरे राउंड में 4648 वोट से आगे हैं। सतना में भाजपा प्रत्याशी योगेश ताम्रकार दूसरे राउंड में भी बढ़त बनाए हुए हैं। प्रदेश की 11 नगर निगम में मेयर और पार्षदों के लिए काउंटिंग सुबह 9 बजे से जारी है। 11 निगमों में शहरों की सरकार चुनने के लिए 6 जुलाई को वोट डाले गए थे। मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। कुछ सीट्स पर आम आदमी पार्टी और AIMIM ने मुकाबले को रोचक बना रखा है। बुरहानपुर में महापौर चुनावों में चार दौर की गणना के बाद कांग्रेस को 48 हजार 136 वोट मिले, जबकि भाजपा को 47 हजार 267 वोट मिले हैं। कांग्रेस की शहनाज अंसारी 869 वोट से आगे चल रही थी। हालांकि, अंतिम क्षणों में भाजपा की माधुरी पटेल करीब 600 वोट से आगे निकल गई। ओवैसी की एआईएमआईएम ने यहां कांग्रेस के वोट काटे, जिसका लाभ भाजपा को मिला है। ओवैसी की पार्टी से शाइस्ता को उम्मीदवार बनाया था। यह सभी 11 महापौर सीटें भाजपा के पास थी, जिसे बड़ा नुकसान होता दिख रहा ।

### यह है 11 नगर निगमों की स्थिति

| नगर निगम- | भाजपा- | कांग्रेस- | कौन आगे कौन पीछे |
|---|---|---|---|
| इंदौर- | पुष्यमित्र भार्गव- | संजय शुक्ला | भाजपा आगे |
| उज्जैन- | मुकेश टटवाल- | महेश परमार | कांग्रेस आगे |
| भोपाल- | मालती राय- | विभा पटेल | भाजपा आगे |
| ग्वालियर- | सुमन शर्मा- | शोभा सिकरवार | कांग्रेस आगे |
| जबलपुर- | डा.जितेंद्र जामदार- | जगत बहादुर सिंह | कांग्रेस आगे |
| छिंदवाड़ा- | अनंत धुर्वे- | विक्रम अहाके | भाजपा आगे |
| सागर- | संगीता तिवारी | निधि जैन | भाजपा आगे |
| सतना- | योगेश ताम्रकार- | सिद्धार्थ कुशवाहा | भाजपा आगे |
| सिंगरौली- | चंद्रप्रताप विश्वकर्मा- | अरविंद सिंह बघेल | रानी अग्रवाल (आप) आगे |
| बुरहानपुर | माधुरी पटेल | शहनाज अंसारी | भाजपा 588 मतों से जीती |
| खण्डवा | अमृता यादव | आशा मिश्रा | भाजपा आगे |



भोपाल की महापौर प्रत्याशी

## हंगामा विवाद

### खंडवा में काउंटिंग सेंटर के बाहर कांग्रेस का हंगामा

**भोपाल,यशभारत।** खंडवा में काउंटिंग सेंटर के बाहर कांग्रेस ने हंगामा कर दिया। मतगणना कक्ष के अंदर 10 टेबल लगाने को लेकर कांग्रेस ने आपत्ति जताई। कहा कि भाजपा के एक टेबल पर 5 से 6 नेता को कार्ड बांटे गए। यह गलत तरीका है, अमानवीय तरीके से मतगणना कराई जा रही है, यह लोकतंत्र की हत्या है। भाजपा प्रत्याशी के जेठ त्रिलोक यादव ने भी अव्यवस्था को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का समर्थन



किया। सामूहिक तौर पर आपत्ति ली गई है। फिलहाल, मतगणना प्रक्रिया रुकी हुई है।

### प्रत्याशी नाराज और जमकर बहस

छिंदवाड़ा में काउंटिंग सेंटर पीजी कॉलेज में हंगामा हो गया। प्रशासन ने प्रत्याशी और उनके साथ वालों के लिए 3 पास बनाए, लेकिन प्रत्याशियों को एंट्री नहीं दी गई। प्रत्याशी नाराज हो गए और जमकर बहस हुई।

- इंदौर में नेहरू स्टेडियम के बाहर काउंटिंग सेंटर में एंट्री को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला की एडिशनल एसपी राजेश रघुवंशी से बहस हो गई। धरने की चेतावनी देते हुए शुक्ला बोले - मैं महापौर प्रत्याशी हूं, मुझे कैसे रोका जा रहा है? मैं इसकी शिकायत निर्वाचन आयोग और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से करूंगा। एडीएम पवन जैन की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। -भोपाल में बीड़ी-सिगरेट लाने वालों को पुलिस ने लौटा दिया। बिना पास के एंट्री नहीं दी।

### इंदौर में सभी विधायकों के मतगणना पास निरस्त

मतगणना स्थल पर प्रवेश को लेकर कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी संजय शुक्ला और अन्य कांग्रेस नेताओं के हंगामे और धरना प्रदर्शन के बाद इंदौर के सभी विधायकों के मतगणना पास निरस्त कर दिए गए हैं

# दिग्विजय के राजगढ़-ब्यावरा में कांग्रेस हारी

## गोविंद सिंह के लहर में भाजपा खाता भी नहीं खोल पाई

**भोपाल,यशभारत।** प्रदेश में नगर सरकार की तस्वीर साफ हो गई है। पहले चरण में 36 नगर पालिकाओं के पार्षद कैंडिडेट्स की मतगणना चल रही है। दोपहर तक के रुझानों में पहले चरण की 36 नगर पालिकाओं में 19 में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलता दिख रहा है। वहीं कांग्रेस सिर्फ 6 नगर पालिकाओं गुना, उमरिया, लहार, इटारसी, पोरसा और अंबाह में अपना जीत की ओर बढ़ती दिख रही है।पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के प्रभाव वाली राजगढ़ और ब्यावरा नगर पालिका में कांग्रेस हार गई है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह के प्रभाव वाली लहार नगर पालिका में भाजपा खाता भी नहीं खोल पाई है। यहां सभी 12 सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों को जीत मिली है। उधर, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रभाव वाली गुना नगर पालिका में भाजपा पिछड़ती दिख रही है।मुरैना के पोरसा नगर पालिका में आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी रामदेई विजय सिंह आगे चल रहे हैं। बालाघाट की वारासिवनी में कांग्रेस का खाता नहीं खुल पाया है। यहां 10 निर्दलीय आगे चल रहे हैं। 5 में भाजपा आगे चल रही है। यहां निर्दलीय विधायक व खनिज विकास निगम के अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल के पैनल के निर्दलीय प्रत्याशी बढ़त बनाए हुए हैं।

### भिंड-गुना में भाजपा का सूपड़ा साफ

भिंड की लहार नगर पालिका के 15 में से एक भी वार्ड में भाजपा को जीत नहीं मिली है। 13 पार्षद कांग्रेस के और दो निर्दलीय जीते हैं। इसी तरह ज्योतिरादित्य सिंधिया के गुना क्षेत्र में भी भाजपा का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है।

### पन्ना में भाजपा ने दिखाया दम

पन्ना नगर पालिका के 28 में से 19 वार्ड पर भाजपा का कब्जा हो गया है। कांग्रेस ने छह और अन्य ने तीन सीटों पर जीत हासिल की है। इसी तरह अजयगढ़ नगर परिषद के 15 वार्ड में से 11 पर भाजपा और कांग्रेस व अन्य को दो-दो सीट मिली है। देवेंद्र नगर नगर परिषद के 15 में से आठ वार्ड भाजपा ने, चार कांग्रेस ने और शेष अन्य ने जीते हैं। ककरहटी नगर परिषद के 15 में से छह वार्ड भाजपा ने जीते। कांग्रेस ने एक और अन्य ने आठ वार्ड पर कब्जा जमाया है।

### राजगढ़ में भाजपा को बड़ी जीत

राजगढ़ नगर पालिका में 15 सीटों में से 12 पर भाजपा और तीन पर कांग्रेस की जीत हुई है। वार्ड क्रमांक 1 से भाजपा की रुक्मणि ओपी शर्मा, वार्ड क्रमांक 2 से भाजपा के विनोद साहू, वार्ड क्रमांक तीन से कांग्रेस के कमाल खान, वार्ड क्रमांक चार से भाजपा की सरोज राजेन्द्र कटारिया, वार्ड क्रमांक पांच से भाजपा की अम्बे प्रवीण मिश्रा, वार्ड क्रमांक छह से कांग्रेस की बेबी विजयपाल भाटी, वार्ड क्रमांक सात से भाजपा की भावना नवनीत शर्मा, वार्ड क्रमांक आठ से भाजपा की प्रकाश केपी पंवार, वार्ड क्रमांक नौ से भाजपा के संजय गुप्ता, वार्ड क्रमांक दस से भाजपा की शीला दीपेंद्र चौहान, वार्ड क्रमांक 11 से भाजपा की पूजा सचिन मौर्य, वार्ड क्रमांक 12 से भाजपा के मनोज हा?ा, वार्ड क्रमांक 13 से भाजपा की मंजू पांचू दांगी, वार्ड क्रमांक 14 से कांग्रेस के मोहित तंवर और वार्ड क्रमांक 15 से भाजपा के राजेश खरे ने जीत हासिल की है।





शाजापुर में बन सकता है भाजपा का अध्यक्ष: शाजापुर नगर पालिका के 29 वार्डों के रुझान एवं रिजल्ट को देखते हुए जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। वार्ड क्रमांक 4,11,14,16, 20, 23, 24, 28, 29 में भाजपा जीत चुकी है वही कई वार्डो में आगे चल रही है। पहली बार वार्ड नंबर 27 को जीतकर आम आदमी पार्टी ने खाता खोला है। वार्ड नंबर 8,15,18 में कांग्रेस ने जीत हासिल की, जबकि छह, 10 एवं 17 वार्ड से आगे चल रही है।

### सीहोर में भाजपा का कब्जा :

सीहोर नगर पालिका के कुल 35 वार्ड में से 24 पर भाजपा ने जीत हासिल कर ली है या आगे है। इसी तरह कांग्रेस आठ पर जीत चुकी है या आगे है। अन्य दो वार्डों पर निर्दलीय आगे हैं।

मंदसौर नगर पालिका पर भाजपा का कब्जा हो गया है। भाजपा ने 29 वार्डों में पार्षदों की सीट पर जीत हासिल की है। वहीं, कांग्रेस को आठ और निर्दलीयों को तीन सीट मिली हैं।

## सिहोरा नगर पालिका परिषद में भाजपा का कब्जा

### 18 में से 10 सीटें जीतीं, कांग्रेस को 6, दो पर निर्दलीय काबिज

सिहोरा, यशभारत। सिहोरा नगर पालिका परिषद की 18 सीटों में से भाजपा ने 10 सीटों पर कब्जा जमा लिया है। जबकि कांग्रेस को 6 व दो सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशी जीते हैं। इनमें वार्ड क्रमांक-1-प्रमोद चौधरी निर्दलीय ,वार्ड क्रमांक-2- शारदा तिवारी, भारतीय जनता पार्टी , वार्ड क्रमांक-3- रीता अजय शंकर शुक्ला, भारतीय जनता पार्टी, वार्ड क्रमांक-4- संध्या दिलीप दुबे भारतीय जनता पार्टी ,वार्ड क्रमांक-5- मुजाहिद उल्ला खान (अरशद खान), इंडियन नेशनल कांग्रेस वार्ड क्रमांक-6- रंजना सुशील दुबे, भारतीय जनता पार्टी ,वार्ड क्रमांक-7-जवाहर, भारतीय जनता पार्टी वार्ड क्रमांक-8-कल्पना आलोक पांडे, इंडियन नेशनल कांग्रेस, वार्ड क्रमांक-9-ममता बाई, इंडियन नेशनल कांग्रेस। वार्ड. न.10 लीला जी - भाजपा, वार्ड न. 11 - बेबी विनम प्रीपाल भाजपा, वार्ड न.12 - गोरा देवी भाजपा ,वार्ड 413 राजेश चौबे कांग्रेस ,वार्ड 14 (माधुरी गणेश दाहिया) कांग्रेस ,वार्ड 15 अकुंश निर्दलीय,वार्ड 16 अजय शर्मा भाजपा, वार्ड न 17 रमेश पटेल - कांग्रेस ,18 शारदा वर्मन (भाजपा) जीते हैं।

## देवास जिले में हर जगह भाजपा


देवास जिले की नगर परिषदों में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिल रहा है। करनावद में भाजपा ने नौ, कांग्रेस ने पांच और अन्य ने एक सीट पर जीत हासिल की। वहीं, हाटपिपल्या में भाजपा ने आठ, कांग्रेस ने छह, अन्य ने एक सीट जीती, कन्नौद में भाजपा ने दस, कांग्रेस ने दो और अन्य ने तीन सीटें, सतवास में भाजपा ने सात, कांग्रेस ने छह और अन्य ने दो सीटें जीती, लोहरदा में भाजपा और कांग्रेस ने 7-7 और अन्य ने एक सीट जीती है। कांटाफोड़ में भाजपा ने नौ, कांग्रेस ने पांच और अन्य ने एक सीट जीती। खातेगांव में भाजपा ने सात, कांग्रेस और निर्दलीय ने तीन-तीन सीटों पर जीत हासिल की है। नेमावर में भाजपा ने 13 और अन्य ने दो सीटें हासिल की है। कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। बागली में भाजपा ने दस, कांग्रेस ने दो और अन्य ने तीन सीटों पर जीत हासिल की है।

### मंदसौर में भाजपा :

मंदसौर नगर पालिका की 40 में से 29 सीटों पर भाजपा, आठ पर कांग्रेस और तीन निर्दलीय चुनाव जीत गए हैं। इस तरह भाजपा ने नगर पालिका पर कब्जा मजबूत कर लिया है।

### खातेगांव में भाजपा

खातेगांव में भाजपा को स्पष्ट जीत मिल रही है। 15 में से नौ सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की है। वहीं, कांग्रेस ने तीन और निर्दलीयों ने तीन सीटों पर जीत हासिल की है। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के गृह जिले दतिया की बडौनी नगर पंचायत के सभी 15 वार्डों में बीजेपी को जीत मिली। वहीं, कोठी नगर परिषद में 15 में से 10 वार्डों में भाजपा, चार पर कांग्रेस और एक पर अन्य ने जीत हासिल की। शाहपुर नगर परिषद की 15 में से 12 सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की। कांग्रेस तीन पर आगे। ब?ौद नगर परिषद में भाजपा ने आठ, कांग्रेस ने छह और निर्दलीय ने एक वार्ड में जीत हासिल की है।

# जबलपुर के परिणाम, कटनी में कयास

## कांग्रेस को नजर आई उम्मीद की किरण, भाजपा ने कहा हम जीतेंगे नगर निगम



**कटनी, यशभारत।** प्रदेश के 11 नगर निगमों में आज परिणाम घोषित हो रहे हैं भले ही इसमें कटनी शामिल नहीं था लेकिन कटनी में उत्सुकता चरम पर थी। शहरवासियों को सुबह से ही परिणाम जानने की जिज्ञासा थी। 9 बजे काउंटिंग शुरू होते ही काउंटडाउन शुरू हो गया। जैसे जैसे गिनती आगे बढ़ी दावों और कयासों का दौर सोशल मीडिया पर भर गया। लोगों ने इसे अलग अलग नजरिये से प्रस्तुत किया। कांग्रेस और भाजपा में कांटे की टक्कर के बावजूद परिणामों में भाजपा ने समाचार लिखे जाने तक बढ़ बना कर रही थी। जानकारी के मुताबिक अब तक बीजेपी के पास 7 तथा कांग्रेस के पास तीन सीटें जातीं दिख रही थीं लेकिन चौकाने वाला परिणाम सिंगरौली से आता दिख रहा था। यहां समाचार लिखे जाने तक आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी बढ़त बना कर रखीं थीं। उधर पड़ौसी जिला जबलपुर कटनी में कांग्रेस समर्थकों को बड़ी राहत लेकिन आया। यहां से कांग्रेस ने एक तरफा जीत हासिल की । परिणामों के कयसों के बाद कटनी नगर निगम में रिजल्ठ को लेकर और भी ज्यादा पेंच फंसता नजर आ रहा है क्योंकि प्रदेश के जिन 11 नगर निगमों में परिणाम आये उससे कोई भी नहीं कह सकता कि हवा किसी एक तरफ थी। परिणाम और रूझानों से स्पष्ठ था कि कोई भी रजनीतिक दल अपनी सौ फीसदी जीत का दावा नहीं कर सकता। आज पूरे प्रदेश के परिणामों से कांग्रेस के लिए अच्छी खबर यह रही कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस ही दूसरे नंबर पर काबिज रही जहां भी उसे पराजय मिली। मतलब साफ है कि कांग्रेस ही बीजेपी से मुकाबला करती दिख रही है। कटनी में इस परिणामों के बाद कांग्रेसियों के चेहरे पर तनाव कम होता दिख रहा है हो भी क्यों ने आखिर कांग्रेस ने अपनी दमदार उपस्थिति जो दर्ज कराई है। इधर कटनी के दो नगर परिषदों परिणाम में कांग्रेस का सूपड़ा साफ होने से भाजपा काफी उत्साहित है। इसे विधायक संजय सत्येंद्र पाठक की रणनीति का नतीजा कहा जा रहा है। कैमोर में तो कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला। जब पूरे प्रदेश में कांग्रेस का प्रदर्शन काफी संतोषजनक दिख रहा है तब कटनी के दो नगर परिषदों में उसे करारी हार का सामना करना पड़ रहा है। इन नगर परिषदों के परिणामों के बाद कटनी नगर निगम तथा बरही नगर परिषद में भाजपाई काफी उत्साहित हैं। नगर निगम कटनी में इन परिणामों के बाद माना जा रहा है कि टक्कर के मुकाबले में बीजेपी बाजी मार सकती है। आज के परिणाम के बाद तो कांग्रेस भी खुल कर कहने लगी है कि वह टक्कर ही नहीं नगर निगम में चुनाव भी तीत सकती है। इधर आज घोषित परिणामों के बाद पार्षद प्रत्याशियों को भी नए तरीके से सोचने पर विवस होना पड़ा हे। कल तक कांग्रेस के जो लोग निराश थे आज उन्हें वार्डों में भी अच्छी खासी जीत नजर आने लगी है। कटनी में 20 तारीख को मतगणना होगी। कटनी नगर निगम तथा बरही नगर परिषद में मतगणना सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। माना जा रहा है कि दोपहर 12 बजे तक स्थिति स्पष्ठ हो जाएगी कि किसके सिर सजेगा ताज?

## सुस्त निर्माणों ने रोकी पुलों के निर्माणों की गति, फिर आ गया वर्षा ऋतु का बहाना



**कटनी, यशभारत।** सुस्त निर्माणों कार्यों ने इस बार भी कटनी शहर में बनने वाले पुलों के निर्माण कार्यों की गति रोक दी है। नतीजा यह है हुआ है कि वर्षा आ गई और पुलों का अधूरा निर्माण नागरिकों को परेशान कर रहा है। शहर का कटनी नदी पुल विगत कई वर्षों से निर्माण की बाट जोह रहा है। यही हाल लमतरा ओवर ब्रिज का है। सबमें सुस्त निर्माण कार्य ही आड़े आ रहे हैं। इससे पुलों का निर्माण नहीं हो पा रहा है और आम नागरिकों को पुलों के अभाव में जर्जर पुलों से गुजरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। शहर से बस स्टैंड से जोड़ने वाला नया पुल अभी तक नहीं बन पाया है। पुराने पुल के जर्जर होने के बाद वर्ष 2008 में नया पुल बनाए जाने की स्वीकृति दी गई थी। इसका कारण कुछ और नहीं बल्कि धीमी रफ्तार और अनदेखी है। सेतू निगम के अधिकारियों का कहना है कि इस वर्ष नवंबर महीने तक पुल बनकर तैयार हो जाएगा। पुल निर्माण के लिए राज्य शासन ने प्रस्ताव को स्वीकृत दी थी। 11 मार्च 2008 को भूमि पूजन किया गया था। इसके बाद पुल को बनाने के लिए 18 महीने का समय तय किया गया था। तब पुल की डिजाइन धनुषाकार थी। लेकिन ठेकेदार ने धनुषाकार पुल निर्माण नहीं हो पाया। लमतरा ओवर ब्रिज को भी वर्षा के पहले शुरू किया जा जाना था। एमपीआरडीसी विभाग को निर्देश मिले थे कि वर्षा से पहले पुल पर आवागमन शुरू किया जाए। कटनी से उमरिया सड़क पर 260 करोड़ की लागत से यह पुल बनाया जा रहा है। एमपीआरडीसी इसमें काफी रकम खर्च कर चुका है लेकिन पुल है कि चालू होने का नाम नहीं ले रहा है।

## कैच द रेन अभियान : नोडल अधिकारी ने किया भ्रमण



**कटनी, यशभारत।** कैच द रेन अभियान के अंतर्गत जल शक्ति मंत्रालय द्वारा नियुक्त नोडल ऑफिसर एवं तकनीकी अधिकारी सांइटिस्ट पी.के.सिंह ने शनिवार को ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर निर्मित जल संरचनाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने जनपद क्षेत्र ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत बम्हनी के ग्राम बनेहरा,करौंदी व अन्य ग्रामों में निर्मित एवं निर्माणाधीन जल संरचनाओं व अन्य कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने अमृत सरोवरों एवं अन्य निर्माणाधीन कार्यों का भी निरीक्षण किया। श्री पीके सिंह ने कराए गए अमृत सरोवर निर्माण की गुणवत्ता ,स्थल चयन की सराहना की। तकनीकी अधिकारी श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीण जनों से संवाद करते हुए निर्माणाधीन जल संरचनाओं की उपयोगिता पर चर्चा करने पर ग्रामीण जनों ने इसे अत्यंत उपयोगी माना और कहा कि अमृत सरोवर निर्माण से मछली पालन, सिंघाड़ा उत्पादन, किसानों को सिंचाई हेतु पानी की व्यवस्था, पशुओं को पीने का पानी एवं ग्रामीण जनों को निस्तार हेतु पानी की उपलब्धता बनी रहेगी। ग्रामीणों ने कहा कि मनरेगा कार्यों से हमें रोजगार मिल रहा है। इन कार्यों से हमें मजदूरी और काम मिलता है। हम लोग परिवार की देखभाल कर पाते हैं। मनरेगा योजना हम लोगों के लिए लाभकारी स्कीम है। श्री सिंह ने निर्माणाधीन अन्य कार्यों के विषय में भी जानकारी ली। सीईओ जिला पंचायत श्री गोमे और अन्य विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जिले में नवीन तालाब ,ड्रेनेज लाइन सुधार, नहर सुदृढ़ीकरण ,चेक डेम ,स्टॉप डेम, सोक पिट ,रिचार्ज पिट, मेड बंधान, गेवियन, लूज बोल्डर स्ट्रक्चर , वृक्षारोपण एवं नर्सरी निर्माण संबंधी कार्य कराए गए हैं। श्री सिंह ने कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से अच्छे कार्य कार्य कराए जा सकते हैं। अमृत सरोवर को प्राकृतिक स्थल के रूप में विकसित किया जाए इनके तटों पर पिकनिक स्पॉट और दर्शनीय स्थल बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। ऐसे कार्यों की समय-समय पर निगरानी दलों के माध्यम से की जावे। स्व सहायता समूह के माध्यम से वृक्षारोपण के अंतर्गत फलदार पौधे लगाने एवं विक्रय होने पर आय के स्त्रोत में वृद्धि होने से समूहों को रोजगार मिलेगा। ऐसे रोजगार सृजित करने वाले कार्यों की भी साइंटिस्ट श्री सिंह ने प्रशंसा की। भ्रमण के दौरान कार्यपालन यंत्री लाजरूस किरकेटटा, सीईओ जनपद विनोद पांडेय, सहायक यंत्री इकबाल सिंह एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी रही।

# अराजकता की चपेट में कटनी का इकलौता बस स्टेंड

## बेहतर योजना के अभाव में बस स्टेंड बन गया नरक स्टेंड



**कटनी, यशभारत।** अतिक्रमण और अराजकता पर शहर का एक मात्र बस अड्डा प्रियदर्शिनी आंसू बहा रहा है। यहां पर अतिक्रमण और अराजकता के बीच बसें संचालित हो रही हैं। जानकारी के अनुसार लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में बस स्टैंड और व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स बनाया गया था। बेहतर योजना के अभाव में बस स्टैंड के भाग में कॉम्पलैक्स और दुकानें बना दी गई है। यहां अतिक्रमण भी पसर गया है। अब यहां पर अराजकता का माहौल है। यात्रियों ने बताया कि कब कौन सा ऑटो आकर उनकी जान ले ले कहा नहीं जा सकता है। इन अव्यवस्थाओं के बीच वह रहने के लिए मजबूर हैं। शहर के प्रियदर्शनी बसस्टैंड के विषय में नगर निगम द्वारा यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने का वादा किया जाता है लेकिन यहां पर सुविधाओं का विकास नहीं हो पा रहा है। बारिश न होने और उमस गर्मी के साथ अव्यवस्थाओं की दोहरी मार ने यात्रियों को परेशान कर रखा है। यहां पर प्रतीक्षालय में लगे पंखें बंद हैं। कई स्थानों पर तो यह पंखे तारों से कनेक्ट ही नहीं हैं। यहां पर गर्मी और उमस के बीच पेयजल के भी ठीक इंतजाम नहीं हैं। मजबूरी में कई बार यात्रियों को पानी की बोतल खरीदकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। कई यात्री तो यह भी कह रहे हैं कि पेयजल की बोतल बनाने वाली कंपनियों के साथ अधिकारियों की सांठ गांठ है। यही कारण हैं कि बस स्टैंड में पेयजल के लिए पुख्ता इंतजाम किए ही नहीं जा रहे हैं ताकि यात्री मजबूरी में पानी खरीदें। विजयराघवगढ़ जा रहे यात्री रामसजीवन पटेल ने आरोप लगाया कि यदि बस स्टैंड में सही पेयजल व्यवस्था नहीं है तो यह अधिकारियों की सांठ-गांठ ही है। बसों की प्रतीक्षा करते यात्रियों की भीड़ रहती है। लेकिन बदहाली की मार झेल रहे बस अड्डे में यात्रियों के बैठने के पर्याप्त इंतजाम भी नहीं है। यहां पर कई कुर्सियां भी टूट गई हैं। जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण यह स्थितियां बनी हैं। नगर निगम को बसस्टैंड से राजस्व मिलता है। इसके बावजूद बसस्टैंड में अव्यवस्था है। समस्याओं के समाधान की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिम्मेदारों की नजर नहीं पड़ रही हैं। वर्षों बाद भी यात्री बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। मामले में नगरनिगम आयुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे ने बताया कि जहां पर भी बस स्टैंड में अव्यवस्थाएं ही उन्हें दूर किया जाएगा। अस्थाई अतिक्रमण कार्रवाई करवाई जाती है अन्य स्थानों पर भी कार्रवाई करवाई जाएगी।

## नीलिमा से

### गीला मन

रेज़ा रेजा भीग रहा मन सावन का मौसम आया है
गीला मन मेरा कुछ ग़ज़लों कुछ गीतों ने लुभाया है

नूर बिखरा है चाँद पर फकत चाँदनी का सरमाया है
इन्द्रधनुषी सेहरा पहन बादलों ने अंबर सजाया है

गरज बरस काली घटाओं ने फिर हृदय पिघलाया है
शोख अल्हड़ हवाओं ने शाखों का सिर झुकाया है

खनक सी बिखर गई जमीं पर महताब गुनगुनाया है
महकी फ़िज़ायें सुनहरे मौसम ने हर कली को रिझाया है

मन बनारस घट-घट के वासी शिव भक्ति में रमाया है
गंगा घाट पर बजती घंटियों की मधुर गूँज में समाया है

बादलों का आँचल ओढ़े सावन का मंजर आया है
बरसती बूँदों ने प्रीत का मर्म लिये गीला मन छलकाया है!!!




- नीलिमा पाठक सामंतरे

**आवश्यकता है**
ज्वेलरी शोरूम में कार्य करने हेतु अनुभवी एवं योग्य युवक/ युवतियों की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार।
संपर्क करें
मो. 8359990995
8359990996


यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033



सावन का महीना शुरू होते ही समाज सेवी श्रीमती प्रीति सेन के द्वारा कई जगह जाकर वृक्षारोपण की शुरुआत की गई। उनकी टीम ने कई स्थानों पर आम के पेड़ बेलपत्र के पेड़ हर्रा बहेरा औषधि के पेड़ पौधों का रोपण किया है। श्रीमती सेन ने संकल्प लिया है कि पूरे माह पौधों का रोपण किया जाएगा

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

नीरज सिनेप्लेक्स में
दर्शकों की मांग पर एक बार फिर
रोजाना 3 शो ता. 15 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
ROCKETRY (The Nambi Effect)
कलाकार- आर. माधवन, सिमरन, रजित कपूर, कार्तिक कुमार आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो. 7240871207





सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 15 से
दोपहर 12.30,3 एवं 5.15 बजे से




थोर (Love & Thunder) (हिन्दी में)
कलाकार- क्रिस हेमवर्थ, क्रिसचियन बेल, रसेल क्रो, जेमी एलेक्जेंडर आदि।
नोट-12.30,3,5.30 2D एवं 8,10.15 वाले शो 3D हैं
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 15 से
दोपहर 11.30 एवं सायं 7.30 बजे से




खुदा हाफिज-2
कलाकार- विद्युत जामवाल, शिवालिका ओबेराय, शीबा चड्डा, राजेश तेलंग आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 15 से
सायं 7.45 एवं रात्रि 10 बजे से




लड़की (ड्रेगन गर्ल)
कलाकार- मिया मुकी, अभिमन्यु सिंह, पूजा भालेकर, राजपाल यादव आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 15 से
दोपहर 2,5 एवं रात्रि 10 बजे से




शाबाश मिथु
कलाकार- तापसी पन्नू, मुमताज सरकार, विजयराज, ब्रजेंद्र काला आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, रविवार, 17 जुलाई 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# दबंगों ने मारपीट के बाद युवक को जिंदा जलाया

## आग में शतप्रतिशत झुलसे युवक की हालत गंभीर, जबलपुर रिफर

### जिले की सीमारेखा से लगे शाहनगर के रगोली भड़रा गांव में घटना से सनसनी



**कटनी, यशभारत।** जिले की सीमा रेखा से लगे पड़ोसी जिला पन्ना के शाहनगर थाना अंतर्गत ग्राम रगोली भड़रा में मारपीट के बाद एक युवक को जिंदा जलाने की घटना प्रकाश में आई है। आग में शतप्रतिशत झुलसे युवक को तत्काल शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे गहन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय कटनी रिफर कर दिया गया। बताया जाता है कि जिला चिकित्सालय कटनी में उपचार से युवक को आराम न लगने की वजह से युवक को गहन उपचार के लिए जबलपुर रिफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रगोली भड़रा में बृजेन्द्र सिंह राठौर व उसके चार साथियों ने गांव के एक 30 वर्षीय युवक से पुरानी रंजिश को लेकर विवाद किया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद बढ़ा तो पांचों आरोपियों ने लात-घूंसों से युवक की पहले बेदम पिटाई की और मार-मार कर अधमरा करने के बाद उसके ऊपर पेट्रोल डालकर जिंदा आग के हवाले कर दिया। आग में धू-धू करते हुए युवक ने मदद के लिए गुहार लगाई तो परिजन व ग्रामीण पहुंचे। ऊधर ग्रामीणों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने युवक की आग बुझाई और उसे शत प्रतिशत झुलसी अवस्था में शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आए। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे गहन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय कटनी रिफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजन उसे कटनी लेकर आए लेकिन यहां भी युवक की हालत में कोई सुधार न हुआ तो चिकित्सकों ने उसे गहन उपचार के लिए जबलपुर के नेताजी सुभाषचंद्र बोष मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 341, 307, 34 दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### दो आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार

एक जानकारी में बताया जाता है कि घटना के बाद आरोपियों को गिरफ्त में लेने सक्रिय हुई पुलिस को प्रारंभिक सफलता मिली और उसने वारदात में शामिल पांच में से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि तीन आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।



## रंजिशन युवक पर चाकू से हमला

**कटनी, यशभारत।** कैमोर थाना अंतर्गत एसीसी हॉयर सेकंडरी स्कूल में अध्ययन करने वाले एक छात्र को नगर के ही एक युवक ने चाकू मार दी है। कैमोर थाना प्रभारी सुदेश कुमार ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों में विवाद हो रहा था। एक युवक का बड़ा भाई आया और रेहान अंसारी को चाकू मार दी, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है।

## साधूराम से बाइक चोरी

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली थाना अंतर्गत साधूराम स्कूल से माधवनगर थाना अंतर्गत ग्राम बड़खेरा निवासी अतुल दुबे की मोटर सायमल को अज्ञात बदमाशों ने पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## कम्प्यूटर, दस्तावेज सहित अन्य सामग्री जलकर खाक, बड़ा हादसा टला

# कैमोर एसीसी फैक्ट्री के सीसीआर ऑफिस में भड़की आग





**कटनी, यशभारत।** कैमोर थाना क्षेत्र अंतर्गत कैमोर स्थित एसीसी सीमेंट प्लांट के सीसीआर डिपार्टमेंट में शनिवार की शाम अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने से कंपनी में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। अधिकारी-कर्मचारी अपनी जान बचाकर बाहर भागे। तत्काल प्रबंधन ने दमकल स्टॉफ व फायर सेफ्टी अमले को अलर्ट किया और आग बुझाने की कोशिश शुरू की गई। बताया जा रहा है कि लगभग 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग को काबू में किया गया। आग किन कारणों से लगी अभी इसका खुलासा नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि सीसीआर एक कंट्रोल रूम है, जिसके समीप ही किलन होता है। वहां पर आग पहुंचती तो ब्लास्ट हो जाता और बड़ी दुर्घटना होती। समय रहते आग पर काबू पाया लिया गया। आगजनी में आठ कम्प्यूटर, दस्तावेज सहित अन्य जरूरी सामग्री जल गई है। थाना प्रभारी सुदेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### अमेहटा प्लांट में कर्मचारी हुआ घायल

वहीं एसीसी अमेहटा के नए प्लांट में काम के दौरान एक कर्मचारी भी घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि मनीष पांडेय काम के दौरान घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि सुरक्षा मानकों का ध्यान न दिए जाने के कारण हादसा होना बताया जा रहा है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

# मारपीट के आरोपियों को तीन-तीन माह का कारावास

### न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने सुनाया फैसला

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद थाना के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने आरोपी राकेश काछी, राजाराम काछी, सुशीला बाई, अंतराम काछी निवासी जरवाही थाना माधवनगर को तीन-तीन माह के सश्रम कारावास एवं 500-500 रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार 10 अप्रैल 2013 को आशा बाई पीरबाबा के समीप बने खेत में काम कर रही थी। तभी रामलाल बर्मन ने आकर बताया कि आरोपीगण तुम्हारे खेत में लगी फसल काटने पहुंचे है। सूचना पर महिला का पति परमेश्वर, लड़की अंजनी, वंदना एवं लक्ष्मी को लेकर खेत पहुंची। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर दी थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मामले में अभियोजन की ओर से धर्मेन्द्र तिवारी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ने पैरवी की। प्रकरण में न्यायाधीश ने दोषसिद्ध पाते हुए सजा सुनाई है।



## नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते रेलवे का निर्णय

# सिंगरौली रेलखंड की दो ट्रेनें रद्द



**कटनी, यशभारत।** रेल प्रशासन द्वारा पूर्व मध्य रेलवे धनबाद मंडल के महदेइया स्टेशन पर दोहरीकरण कार्य के तहत नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की अवधि में इस मार्ग से होकर गुजरने तथा कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर चलने वाली दो रेलगाड़ियों को रद्द कर दिया गया है। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 22165 भोपाल-सिंगरौली द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस 16, 20 व 23 जुलाई को तथा वापसी में गाड़ी संख्या 22166 सिंगरौली-भोपाल द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस 19, 21 व 26 जुलाई को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22167 सिंगरौली-हजरत निजामुद्दीन साप्ताहिक एक्सप्रेस 17 व 24 जूलाई को तथा वापसी में गाड़ी संख्या 22168 हजरत निजाामुद्दीन-सिंगरौली साप्ताहिक एक्सप्रेस 18 व 25 जूलाई को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

## कब्जा कर अवैध निर्माण करने पर मामला दर्ज

**कटनी, यशभारत।** बरही में एक व्यक्ति द्वारा कब्जा कर अवैध निर्माण किया जा रहा था। तहसीलदार के निर्देश पर बरही पुलिस ने धारा 188 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बरही में संतोष उर्फ लाला ताम्रकार, अमन ताम्रकार दोनों निवासी बरही द्वारा कब्जा कर अवैध निर्माण किया जा रहा है। रोक के बाद भी मनमानी की जा रही थी। तहसीलदार बरही की आदेश पर बरही पुलिस ने एफआइआर दर्ज की है।

## सूने मकान में 40 हजार की चोरी

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम देवरी भार में एक मकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश नगदी सहित जेवर लेकर चंपत हो गए। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम देवरी भार निवासी 30 वर्षीय अनंत राम कुशवाहा पिता सुखराम कुशवाहा के घर में अज्ञात आरोपी ने घुसकर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी पार कर दिया है। 40 हजार रुपए से अधिक की चोरी बताई जा रही है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है।

## पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**कटनी, यशभारत।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम मटभोना में 12 जुलाई को 21 वर्षीय पूनम यादव की रक्तरंजित लाश मिली थी। पुलिस को बताया गया था कि 28 वर्षीय झल्लू यादव का विवाह पूनम यादव निवासी लेदरी अमदरा थाना जिला सतना में हुआ था। झल्लू महाराष्ट्र नागपुर के पास वर्धा में केक बनाने के कारखाने फ्रूड पीस कंपनी में कार्य करता था। घटना के बाद आरोपी झल्लू यादव फरार है। जिसको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दहेज के कारण पति द्वारा हत्या किया जाना बताया जा रहा है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है।



# मुड़वारा स्टेशन में भी शुरू हुआ एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल

**कटनी, यशभारत।** मुड़वारा रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत काष्ठ हस्तशिल्प उत्पाद काउन्टर का शुभारंभ किया गया। स्टेशन प्रबंधक संजय दुबे ने बताया कि रेलवे द्वारा प्रारंभ की जा रही इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय शिल्पकला, कलाकारों को प्रोत्साहन देना एवं पहचान स्थापित करने के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करना है। स्थानीय कलाकार नीलेश विश्वकर्मा ने यहां अपने हस्तशिल्प उत्पादों को प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए रखा है। रेल यात्रियों द्वारा भी इस नव आकर्षण में काफी रूचि दिखाई जा रही है।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत ग्राम पटवारा रेल्वे लाईन के बीचो बीच एक युवक की ट्रेन से कटने के कारण मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पुरैनी निवासी 30 वर्षीय अभिलेख कोल पिता शिवप्रसाद कोल की ट्रेन से कटने के कारण मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।



# कटायेघाट पर जल देवता की पूजा अर्चना



**कटनी,यशभारत।** मुहिंजी बेड़ी अथाई विच सीर ते पल्लव पाया थी मा जिंदह पीर ते, मुखे चादर में ढक जाय ओ सुहिंढा साई जैसे सिंधी भक्ति गीतों की अविरल धाराओं के साथ ही समाज की श्रद्धालु महिलाओं, बच्चों सहित पुरूष ने जल में पवित्र दीपों का दान किया। अवसर था भगवान झूलेलाल चालीहां महोत्सव के दौरान धार्मिक मान्यतानुसार दीपदान कर सर्वत्र भले की मंगल कामना करने का। रविवार सुबह कटायेघाट नदी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु नजर आये। इस संबंध में समाजसेवी संजय खूबचंदानी ने बताया कि चालीहां महोत्सव के अंतर्गत पड़ने वाले प्रत्येक रविवार को कटायेघाट में वरूण देव अवतार श्री झूलेलाल जी की पूजा अर्चना के साथ 40 दिनों के कठोर वृत संकल्प के साथ ही बहते जल में दीपों का दान करने का विशेष महत्व माना गया है। इस दौरान सभी के भले के साथ ही जलदेव वरूण देव की आराधना कर अच्छी बारिश की भी कामना की गई।इस अवसर पर गीत-संगीत अरवो पल्लव आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके पूर्व श्री झूलेलाल मंदिर में नीलम जगवानी के निर्देशन में बच्चों की ड्राईंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने कलाकृति बनाकर प्रकृति को बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर सर्वश्री त्रिलोकचंद भोजवानी, हरीश बहलानी, श्रीचंद भाटिया, अमृत सेवलानी, अमर चेतवानी, श्याम मूलचंदानी, महेश बहलानी, नेवंदराम खूबचंदानी, राजकुमार खियानी, वीरेन्द्र लालवानी, गौतम गलानी, नारायणदास वलेचा, पं. दिनेश शर्मा, सुरेश गांधी, अशोक रोहरा, बाबू भाई मंगतानी, संजय खूबचंदानी, मनोहर उधवानी, सतराम सुंदरानी, पं. जुगल किशोर एवं अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## स्कूली बच्चों को बस्ते के बोझ से बचाने हेतु स्कूल बैग नीति 2020 का पालन हो



**कटनी,यशभारत।** स्कूली बच्चों को बस्ता के बोझ से बचाने हेतु मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा डब्ल्यूपी नं0.25680/17 में दिनांक 19/05/2018 को दिये गये निर्देशों के पालन में भारत सरकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2020 में स्कूल बेग पॉलिसी 2020 बनाकर दिनांक 24 नवंबर 2020 को भारत सरकार द्वारा समस्त राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के शिक्षा सचिवों को कठोरता पूर्वक पालन हेतु प्रेषित की जा चुकी है। बच्चे किसी समाज का सबसे असुरक्षित हिस्सा होते है, वे विश्व जनसंख्या के लगभग एक तिहाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करते है, यदि उन्हें पर्याप्त अवसर प्रदान नहीं किया जाता है तो उन्हें भविष्य का जिम्मेदार नागरिक बनाने का अवसर वर्तमान पीढ़ी के हाथ से निकल जाएगा। इसलिए हम सभी का दायित्व है कि प्रत्येक बच्चे के लिये विधिक सेवा सहित सभी अवसर खोले जाये, ताकि उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास हो तथा उनकी क्षमता का शारीरिक, मानसिक, नैतिक व आध्यात्मिक विकास हो। अतः विषय की संवेदनशीलता को देखते हुये सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार नोटिया ने दिनांक 16.07.2022 को जिला शिक्षा अधिकारी कटनी को पत्र लिख कर यह जानकारी ली है कि क्या कटनी जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय विघालयों के द्वारा स्कूल बेग पॉलिसी 2020 का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं, तथा साथ ही भारत सरकार द्वारा जारी स्कूल बेग पॉलिसी 2020 का कठोरता पूर्वक पालन कराये जाने हेतु लिखा गया है।

किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक,
कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

From 15th July 2022

CINEWORLDZ CINEMA KATNI

Mittal MALL



Shabash Mithu 10:15 PM Audi 2 & Hit 10:20 PM In Audi 3

| Audi 1 | Show | Audi 2 | Show | Audi 3 | Show |
|---|---|---|---|---|---|
| Juda Hoke bhi | 10.30 AM | Shabash Mithu | 9:30 AM | Ladki | 09:15AM |
| Hit | 1:00 PM | THOR | 12:15 PM | Rocketry | 12:15PM |
| Shabash Mithu | 3:30 PM | Jug Jug Jiyo | 2:45 PM | Khuda Hafiz-2 | 3:00 PM |
| Juda Hoke bhi | 06.30 PM | THOR | 05:15 PM | Ladki | 05:30 PM |
| Juda Hoke bhi | 09.15 PM | Hit | 7:45 PM | Khuda Hafiz-2 | 7:45 PM |

Paytm
book my show

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

mgm HOSPITAL

जबलपुर के वरिष्ठ
त्वचा रोग एवं सौंदर्य विशेषज्ञ

डॉ.हितेश लोकवानी



एम.बी.बी.एस.,एम.डी. , डी.वी.एल.,
कंसलटेंट डर्मेटोलॉजिस्ट
त्वचा रोग एवं सौंदर्य विशेषज्ञ
LASER TREATMENT FACILITY AVAILABLE

दिनांक 24/07/2022 को सुबह 10 बजे से 03 बजे तक ओपीडी परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे।

आयुष्मान भारत योजना द्वारा ऑपरेशन तथा भर्ती की सुविधा उपलब्ध।
(आयुष्मान योजना में ओपीडी सेवाएं शामिल नहीं है।)

उपलब्ध सुविधाएँ
सी.टी-स्कैन | एम.आर.आई. | सोनोग्राफी | एक्स-रे | पैथोलॉजी | फार्मेसी

पंजीयन हेतु संपर्क करें -
HELPLINE NUMBER 07622-405070

एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com

# इंद्रा नगर में बहुमंजिला इमारत का छज्जा टूटकर गिरा, टला हादसा

**भोपाल,यशभारत।** राजधानी के 12 नंबर स्टाप इलाके में स्थित इंदिरा नगर मल्टी में शुक्रवार को फ्लैट का छज्जा नीचे गिर गया। गनीमत रही कि जिस समय यह गिरा, इमारत के नीचे कोई मौजूद नहीं था, वरना जनहानि भी हो सकती थी। रहवासियों ने इसकी जानकारी नगर निगम के साथ अन्य विभाग के अधिकारियों को दी, लेकिन घंटों बाद भी जायजा लेने कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।



बता दें कि शहर में एक हजार से अधिक इमारतें जर्जर अवस्?था हैं। लेकिन नगर निगम इन्हें खाली कराने की बजाय नोटिस देकर अपना पल्ला झाड़ लेता है। इंद्रा नगर निवासी आशीष पटेल ने बताया कि मल्टी के अधिकतर फ्लैट जर्जर हो गए हैं। नगर निगम के अधिकारियों से इसकी मरम्मत को लेकर शिकायत भी कर चुके हैं। लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। शुक्रवार को छज्जा गिरने के बाद रहवासियों में डर का माहौल है। बता दें कि चार-पांच दिन पहले ऐशबाग इलाके में स्थित जनता क्वार्टर के एक जर्जर मकान का छज्जा गिर गया था। इसे नगर निगम द्वारा अति जर्जर घोषित करते हुए इन्हें खाली कराने का नोटिस दिया गया है। लेकिन रहवासी बिना विकल्प के इसे खाली करने को तैयार नहीं हैं।

### जर्जर मकानों में पांच हजार से अधिक रहवासी

बता दें कि निगम के आंकड़ों के मुताबिक शहर में खतरनाक इमारतों की तादात एक हजार से भी ज्यादा है। निगम ऐसी 1063 इमारतों को अति जर्जर और खतरनाक मानता है। इन खतरनाक मकानों की सूची निगम ने आठ साल पहले बनाई थी, तब से लगातार हर साल बारिश से पहले निगम इन मकानों के मालिकों को नगर पालिक निगम 1954 की धारा 310 के तहत नोटिस थमाता आ रहा है। लेकिन अब तक इनमें से किसी भी मकान को ढहाने की कार्रवाई निगम ने नहीं की है। जानकारी के अनुसार निगम ने नोटिस जारी करने के बाद किसी भी मकान को तब तक नहीं ढहाया, जब तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

नगर निगम द्वारा जर्जर मकानों को चिंहित किया गया है। इन्हें गिराने से पहले मकानों को खाली कराना होगा। इन मकानों में रहने वालों को नोटिस जारी किया है। जल्द ही गिराने की कार्रवाई शुरु होगी। जहां मेंटेंनेंस कर काम हो सकता है, उन मकानों की मरम्मत भी कराई जाएगी।

**- प्रेमशंकर शुक्ला, पीआरओ नगर निगम**

## तलैया क्षेत्र में 60 साल पुराना खंडहर मकान गिरा, दुर्घटना टली

**भोपाल, यशभारत।** पुराने भोपाल के तलैया क्षेत्र में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात तेज बरसात की वजह से एक खंडहर मकान धरासायी हो गया। मलबा गिरने से आसपास खड़ी तीन कार व दो मोटर साईकिल क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि मकान खाली होने की वजह से बड़ी दुर्घटना टल गई। निगम अधिकारियों ने बताया कि बरसात से पहले मकान को जर्जर घोषित किया जा चुका है। लेकिन मकान मालिक के बाहर रहने की वजह से तोड़ने की कार्रवाई नहीं की गई।

जोन क्रमांक पांच के राजस्व प्रभारी मयंक जाट ने बताया कि रात करीब तीन बजे तलैया चौकी के पीछे मकान के गिरने की सूचना मिली थी। इसके बाद मौके पर सिविल इंजीनियर और एएचओ को भेजा गया। मकान के मलबे से यहां खड़े कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं मलबा फैलने से सड़क



भी जाम हो गई थी। वहां पहुचंकर निगम अमले ने पहले मलबे को हटाकर रास्ता साफ किया। इसके बाद सड़क से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाया गया। राजस्व प्रभारी जाट ने बताया कि यह मकान शफीक दुर्रानी नामक व्यक्ति का है। जो अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहते हैं। घटना के समय घर खाली था। इससे बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि 600 स्कवायर फीट में बने इस मकान को बने हुए 60 साल से भी अधिक समय हो गया है। जिसकी वजह से इसका मलबा बरसात के साथ गिरने लगा था।

### एक सप्ताह में तीसरी घटना

बतादें कि शहर में एक हजार से अधिक मकान को अति क्षतिग्रस्त घोषित किया गया है। इनमें पांच हजार आबादी रहती है। लेकिन नगर निगम अधिकारी जर्जर भवनों में हो रही घटनाओं से सीख नहीं ले रहे हैं। तलैया में मकान गिरने से पहले शुक्रवार सुबह 12 नंबर स्थित इंद्रा नगर मल्टी के फ्लैट का छज्जा गिर गया था। हालाकि किसी प्रकार के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ था। वहीं मंगलवार को ऐशबाग इलाके में जनता क्वार्टर का छज्जा गिर गया था। यहां करीब 350 मकान अति जर्जर श्रेणी के हैं।



# आम यात्रियों की चिंता नहीं, सिर्फ कमाई वाले कोच लगा रहा रेलवे

**भोपाल,यशभारत। ट्रेनों के सामान्य कोचों में यात्रियों को बैठने की जगह नहीं मिली है। कई बार खड़े रहना भी मुश्किल हो रहा है। तब भी रेलवे है कि इन कोचों की संख्या बढ़ाने की बजाए वातानुकूलित (एसी) व स्लीपर श्रेणी के कोच बढ़ा रहा है। सामान्य श्रेणी के कोचों की संख्या बिल्कुल भी नहीं बढ़ाई जा रही है। इसके कारण यात्रियों में रोष बढ़ रहा है।**

दरअसल एसी व स्लीपर श्रेणी के कोचों में अधिक किराया मिलता है, जबकि सामान्य श्रेणी के कोचों का किराया कम होता है। इनमें यात्रा करने वाले ज्यादातर किसान, मजदूर व अप-डाउनर होते हैं। दरअसल, भोपाल रेल मंडल से चौबीस घंटे में 150 ट्रेनें गुजरती हैं। इनमें से रोजाना 132 ट्रेनें भोपाल व 102 ट्रेनें रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर ठहराव लेकर चलती हैं। बाकी की साप्ताहिक व विशेष ट्रेनें होती हैं जो दोनों ही स्टेशन पर ठहरती हैं। इन सभी ट्रेनों में सामान्य श्रेणी के तीन से चार कोच लगे होते हैं। एक कोच में 75 यात्री यात्रा कर सकते हैं, लेकिन प्रत्येक में क्षमता से चार गुना तक अधिक यात्री सफर कर रहे हैं। कोरोना महामारी की शुरूआत से पहले भी यही होता रहा था। तब भी रेलवे इस श्रेणी के कोच नहीं बढ़ा रहा था।

अब कोरोना महामारी के बाद ट्रेनों के सामान्य श्रेणी के कोचों में बिना आरक्षण के साधारण टिकट की बिक्री शुरू हो गई है। जिसके बाद फिर से यात्रियों का दबाव बढ़ गया है। यात्रियों को जगह नहीं मिल रही है। खासकर लंबी दूरी की ट्रेनों में तो हालत बहुत ही खराब हैं। यात्रियों का कहना है कि रेलवे का सामान्य श्रेणी के कोचों की संख्या बढ़ाने की दिशा में ध्यान ही नहीं है। इसके विपरीत अमरकंटक, भोपाल-बिलासपुर, नर्मदा एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में आए दिन स्लीपर व वातानुकूलित श्रेणी के कोच लगाए जा रहे हैं। हालांकि हाल ही में भोपाल रेल मंडल ने भोपाल-जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस में सामान्य श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है।

-लोक परिवहन का आशय ही आम यात्रियों की जरूरतों को पूरा करना है, लेकिन रेलवे इस ओर कई बार कम ध्यान देता है। जिसके के कारण नुकसान होता है। सामान्य श्रेणी के कोच ब?ाने और पैसेंजर ट्रेनों को चालू करने की सख्त जरूरत है। इसके लिए रेलमंत्री से पुन- मांग करेंगे।

**- अरुण अवस्थी, उपाध्यक्ष अप-डाउनर एसोसिएशन मप्र**

# हिंदी भवन में सामाजिक दायित्व बोध कराने में वरिष्ठों की भूमिका पर विमर्श

**भोपाल,यशभारत।** घर, परिवार से लेकर समाज में वरिष्ठों को अपनी भूमिका एक मार्गदर्शक के रूप में बनानी होगी। बुजुर्गों ने अपने जीवन में जो अनुभव अर्जित किए हैं, वे समाज को दें। इस तरह वे अपना खाली समय व्यतीत कर सकते हैं। बदलते समय में हमें नई पीढ़ी के संघर्ष को समझना होगा तब कहीं जाकर हम उस पीढ़ी से सामंजस्य स्थापित कर सकेंगे।

इस तरह के विचार शनिवार को हिंदी भवन में सुनाई दिए। अवसर था मप्र राष्ट्र भाषा प्रचार समिति द्वारा आयोजित वरिष्ठ विमर्श का। हर महीने के तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाली इस श्रृंखला में इस बार का विषय था सामाजिक दायित्व बोध कराने में वरिष्ठों की भूमिका । कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रशासनिक अधिकारी केसी श्रीवास्तव कर रहे थे। अध्यक्षीय उद्बोधन में श्रीवास्तव ने कहा कि समाज में बुजुर्गों को अपनी उपयोगिता बनानी होगी। यह

**समाज में एक मार्गदर्शक के रूप में हो बुजुर्गों की भूमिका :केसी श्रीवास्तव**

उपयोगिता वे अपने से छोटे लोगों को मार्गदर्शन देकर ही साबित कर सकते हैं। गांधी भवन के गोविंद नामदेव ने कहा कि यदि एक व्यक्ति अपनी राह से भटकता है तो समझिए उसके संस्कारों में कमी रही है। उन्होंने यह भी ताकीद की कि उपदेश या नसीहत देने से कुछ नहीं होगा, बल्कि जो उपदेश हम दूसरों को दे रहे हैं उसे आचरण में उतरना होगा। हिंदी भवन के कार्यवाहक मंत्री संचालक डा. सुरेंद्र बिहारी गोस्वामी ने महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि बुद्धिमान वही है जो वरिष्ठों का सम्मान करता है। एक निश्चित आयु के बाद हममें समाज को कुछ देने का भाव जाग्रत होना चाहिए न कि कुछ पाने का। विमर्श में समिति के मंत्री संचालक कैलाशचंद्र पंत,गौरीशंकर गौरीश, देवेंद्र रावत, उषा जायसवाल, मंजुलता शुक्ला,अनिता सक्सेना, आशा सिन्हा, सुदर्शन सोनी आदि ने भी अपने विचार रखे। विमर्श का संयोजन एवं संचालन महेश सक्सेना ने किया। इस अवसर पर शहर के प्रबुद्धजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण फेसबुक पर किया गया।

# नमी के कारण रुक-रुक कर जारी रहेगी वर्षा

### शहडोल संभाग में अतिवृष्टि की चेतावनी

**भोपाल, यशभारत।** वर्तमान में ओड़ीशा तट के पास पश्चिमोत्तर बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब क्षेत्र संयुग्मित चक्रवातीय परिसंचरण के साथ सक्रिय है, जबकि पूर्वोत्तर अरब सागर के ऊपर अतिनिम्न दाब क्षेत्र करांची से 380 किमी दक्षिण में सक्रिय है। मानसून ट्रफ अतिनिम्न दाब क्षेत्र से लेकर दीसा-सागर, अम्बिकापुर, झारसुगड़ा और निम्न दाब क्षेत्र से होते हुए पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक विस्तृत है। साथ ही गुजरात तट से महाराष्ट्र तट के समांतर अपतटीय ट्रफ विस्तृत है और उत्तरी पाकिस्तान के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ ट्रफ के रूप में सक्रिय है। इन सभी मौसम प्रणालियों के कारण वातावरण में काफी नमी बनी हुई है, जिसके चलते प्रदेश में कहीं-कहीं, रुक-रुककर वर्षा होने का सिलसिला बना हुआ है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शनिवार सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक मंडला में 7, उज्जैन में 2, रतलाम में 1, भोपाल में .5, गुना में .4, खजुराहो में .2, जबलपुर में .2, मलांजखंड व उमरिया में 2, धार में .3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

# जूनियर खिलाड़ी एकलव्य, सीनियर खिलाड़ी विक्रम और प्रशिक्षक विश्वामित्र पुरस्कार के लिए कर सकते है आवेदन।

भोपाल यशभारत। प्रदेश के वर्ष 2022 सर्वोच्च खेल पुरस्कार एकलव्य, विक्रम ,विश्वामित्र ,लाइफ़टाइम अचीवमेंट एवं स्वर्गीय प्रभाष जोशी पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं ।आवेदन की अंतिम तिथि 16 अगस्त 2022 निर्धारित की गई है । खेल पुरस्कारों के लिए आलाइन आवेदन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अनुदान ऐप पर किए जा सकते हैं ।आवेदन विभागीय वेबसाइट पर दी गई लिंक अथवा सीधे http:// anudan. dsywmp.gov.in पर भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार खेल और युवा कल्याण विभाग के नवीन पुरस्कार नियम 2021 के अनुसार विगत 5 वर्षों (एक अप्रैल 2017-31 मार्च 2022 ) मे अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किए जाएंगे । साहसिक खेल (समुद्र,ज़मीन एवं वायु आधारित) के खिलाड़ियों को विक्रम एवं एकलव्य पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं । आवेदक को आनलाइन आवेदन करने के पश्चात आवेदन की प्रति जिस पर पंजीयन क्रमांक अंकित हो के साथ खेल प्रमाण पत्र एवं अन्य अभिलेखों की छाया प्रति संबंधित जिला खेल और युवा कल्याण कार्यालय /संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण टी टी नगर स्टेडियम ,भोपाल में 16 अगस्त 2022 तक जमा कराना अनिवार्य होगा ।सर्वोच्च राज्य खेल पुरस्कार एकलव्य में 15 खिलाड़ियों को एक लाख रुपये (प्रति खिलाड़ी )दिए जाएंगे,विक्रम पुरस्कार 12 खिलाड़ियों को दो लाख (प्रति खिलाड़ी ),विश्वामित्र पुरस्कार तीन प्रशिक्षकों को दो लाख रुपये (प्रति प्रशिक्षक) ,मलखंब खेल के लिए दिए जाने वाले स्व. प्रभाष जोशी पुरस्कार के लिए 2 लाख रुपये तथा लाइफ़टाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए दो लाख रुपये का पुरस्कार निर्धारित है।




# प्रदेश के 1739 निजी स्कूलों को अभिभावकों ने अपने बच्चों को नि :शुल्क पढ़ाने के लिए नहीं चुना

**भोपाल, यशभारत।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम(आरटीई) के तहत अभिभावक अपने बच्चों को बड़े सीबीएसई स्कूलों में ही पढ़ाने की चाहत रखते हैं। तभी तो आरटीई आवेदन में अधिकतर अभिभावकों ने अपने वार्ड के बड़े स्कूलों का चयन किया है। गली-मोहल्लों में खुले छोटे-छोटे स्कूल भले ही आरटीई की प्रक्रिया में शामिल हो, लेकिन अभिभावकों ने उन्हें विकल्प के तौर पर नहीं चुना है। तभी तो प्रदेश के 26 हजार 666 निजी स्कूलों में से 1739 स्कूलों को अभिभावकों ने विकल्प के रूप में नहीं चुना है। इसमें राजधानी के 123 निजी स्कूल शामिल हैं। ये स्कूल गली-मोहल्लों में एक या दो कमरों में संचालित हो रहे हैं। भले ही आरटीई की प्रक्रिया में 25 प्रतिशत सीटें आवंटित कर रहे हैं, लेकिन अभिभावक इन स्कूलों का चयन नहीं कर रहे हैं। बता दें, कि इस बार 2,78,130 सीटों के लिए 2,01252 आवेदन आए थे। इनमें से पात्र विद्यार्थियों में से 1,73,725 आनलाइन लाटरी के माध्यम से 1,39,725 बच्चों को प्रवेश के लिए सीटें आवंटित की गई है।

**आरटीई के तहत सत्र 2022-23 के लिए आनलाइन लाटरी के माध्यम से 1,39,725 बच्चों को प्रवेश के लिए सीटें आवंटित की गई हैं।**

इस बार दो लाख 78 हजार सीटों के लिए लाटरी में एक लाख 73 हजार आवेदक ही लाटरी प्रक्रिया में शामिल होने के लिए पात्र पाए गए। इस वर्ष आवंटित सीटों में से लगभग एक लाख आवेदक लाटरी प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाए। इनमें एक लाख 39 हजार को सीटें आवंटित की गई, यानी 34 हजार को कोई स्कूल आवंटित नहीं किए गए। इन्हें दूसरे चरण के लॉटरी प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा।

राजधानी के 123 स्कूल को किया नापसंद

अभिभावक राजधानी के 123 स्कूलों को बच्चों को पढ़ाने के लिए पसंद नहीं किया है। इसमें पब्लिक क्रिट स्कूल, मारिस स्कूल, ब्राइट बिगनिंग सकूल, न्यू एफआर कान्वेंट स्कूल, एम्पायर स्कूल, लवली चाइल्ड और अजिमत स्कूल सहित अन्य स्कूल शामिल है।

# मप्र शूटिंग अकादमी के ऐश्वर्य प्रताप ने आइएसएसएफ विश्वकप में जीता स्वर्ण पदक

**भोपाल ,यशभारत ।** मप्र राज्य शूटिंग अकादमी के ओलिंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने दक्षिण कोरिया में आईएसएसएफ विश्व कप में 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन इवेंट में शानदार प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है ।जूनियर विश्व चैंपियन 21वर्षीय ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर, पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) स्पर्धा में हंगरी के ज़कान पेक्लर को 16-12 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। यह ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर का दूसरा आईएसएसएफ विश्व कप स्वर्ण पदक है । टोक्यो ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके ऐश्वर्य खरगोन जिले के रहने वाले है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर ऐश्वर्य को बधाई देते हुए कहा है की ऐश्वर्य ने अपने अद्भुत और अद्वितीय खेल से देश और मध्य प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने ऐश्वर्य प्रताप सिंह की जीत पर बधाई देते हुए कहा कि ऐश्वर्य ने विश्व पटल पर अपनी स्वर्णिम चमक बिखेरी है । हमारे विभाग के प्रशिक्षकों की मेहनत और खिलाड़ियों के जुनून और लगन से अंतरराष्ट्रीय पटल पर एक अलग पहचान स्थापित की है ।ऐश्वर्य ने भोपाल की अकादमी में ले रहे है प्रशिक्षणपिछले साल 20 साल की उम्र में टोक्यो ओलिंपिक में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले ऐश्वर्य ने भोपाल स्थित मप्र शूटिंग अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। टोक्यो ओलिपिक में भी उन्होंने ही भारत का टिकट पक्का किया था। ऐश्वर्य का लक्ष्य ओलिंपिक में देश के लिए पदक जीतना है, वह अपनी इच्छा कई बार जाहिर कर चुके है, खरगोन के छोटे से गांव से ओलिंपिक के खेलगांव का तय करने वाले ऐश्वर्य का ध्यान हमेशा अपने खेल पर रहा है, इसके लिए वे लगातार देश के लिए उपलब्धिया अर्जित करते जा रहे है।



### सेलिंग के खिलाड़ियों ने जीते पदक

हैदराबाद के हुस्सैन सागर लेक में 12-17 जुलाई तक आयोजित 13 वे मानसून रेगाटा 2022(ड्ढ्ढ नैशनल रैंकिंग ) में मप्र सेलिंग अकादमी के शशांक बाथम ने स्वर्ण और एकलव्य बाथम ने रजत पदक और अकादमी की दिव्यांशी मिश्रा ने बालिकाओं की स्पर्धा में स्वर्ण पदक और शगुन ने कांस्य पदक हासिल किया है ।

## नीट परीक्षा आज, प्रदेश में 31 शहरों में बनाए परीक्षा केंद्र

**भोपाल,यशभारत।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट-अंडर ग्रेजुएट यानी नीट-यूजी का आयोजन रविवार को आयोजित किया जा रहा है। दोपहर दो बजे से शाम 5.20 बजे के बीच होगी। प्रदेश में 31 शहरों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर सहित अशोकनगर, ब?वानी, बालाघाट, बैतूल, छतरपुर, छिंदवा?ा, दमोह, दतिया, उज्जैन, रीवा में केंद्र बनाए गए हैं। भोपाल में एक लाख से अधिक आवेदन परीक्षा में शामिल होंगे। वहीं राजधानी में 18 केंद्रों पर करीब चार हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा पूर्णतया पेन एंड पेपर मोड पर होगी। एनटीए द्वारा जारी की गाइडलाइन के अनुसार नीट यूजी परीक्षा मेन ओएमआर शीट और ओएमआर शीट की आफिस कापी दोनों ही परीक्षा समाप्त होने के बाद पर्यवेक्षक के पास जमा करानी होगी। परीक्षा केंद्र पर प्रवेश के लिए सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र पर अंकित कर अलग-अलग रिपोर्टिंग टाइम दिया गया है, इसी के अनुसार परीक्षा केंद्र पहुंचे, ताकि कोविड गाइडलाइन का पालन हो सके और परीक्षा केंद्र पर भीड़ नहीं हो। दोपहर 12 बजे से विद्यार्थियों का प्रवेश शुरू कर दिया जाएगा। नया मास्क सेंटर पर दिया जाएगा।

# प्रदेश के साढ़े चार करोड़ लोगों को सतर्कता डोज

**भोपाल यशभारत। प्रदेश में साढ़े चार करोड़लोगों को सतर्कता डोज लगाने का लक्ष्य है। इसमें शुक्रवार को पहले दिन सिर्फ 75 हजार लोगों ने ही सतर्कता डोज लगवाई है। 75 दिन में 18 साल से ऊपर के सभी को सतर्कता डोज लगाने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन यही गति रही तो 75 दिन में एक करोड़ लोगों को भी टीका नहीं लग पाएगा। ऐसे में राज्य सरकार ने नियमित टीकाकरण अभियान के साथ ही प्रदेश में छह महाअभियान चलाने का निर्णय भी लिया है।**

पहला महाअभियान 27 जुलाई का चलेगा। इसकी तैयारी अभी शुरू हो गई है। राज्य टीकाकण अधिकारी डा. संतोष शुक्ला ने बताया कि पिछले महाअभियानों में बड़ी सफलता मिली थी। इस बार भी जनसहयोग से एक दिन में 10 लाख से ज्यादा लोगों को सतर्कता डोज लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई, 3 अगस्त, 17 अगस्त, 31 अगस्त और 28 सितंबर को महाअभियान होगा। हालांकि, टीकाकरण



अभियान 30 सितंबर तक चलेगा। इसके बाद भी ज्यादा लोग बचे रह गए तो बाद में भी अभियान चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए इस बार छोटे-छोटे अस्पतालों को भी केंद्र बनाया है। इनमें संजीवनी क्लीनिक और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी शामिल हैं। सतर्कता डोज लगवाने के लिए जरूरी है कि दूसरी डोज छह महीने (28 सप्ताह) पहले लग चुकी हो। जिस वैक्सीन की पहली और दूसरी डोज लगी है वही सतर्कता डोज में भी लगाई जाएगी। डा.शुक्ला ने बताया कि सतर्कता डोज अभियान का शुभारंभ 21 जुलाई से होगा। अभी आचार संहिता के चलते यह नहीं हो पा रहा है। सभी को सतर्कता डोज लगवाने का प्रमाण पत्र भी दिया जा रहा है।

लोगों को जागरूक करने के लिए जिला स्तर से लेकर गांव तक आपदा प्रबंधन समूहों को सदस्यों का भरपूर सहयोग लिया जाएगा। इनका काम सत्र के दिन सभी जरूरी व्यवस् थाएं करने को लेकर रहेगा। ग्रामीण और शहरी निकायों से भी सत्र दिवस एवं स्थान की जानकारी साझा की जाएगी। जो भी टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे उसकी पूरी जानकारी कोविन पोर्टल पर दर्ज की जाएगी।

छह महीने बाद टीका का असर कम होने लगता है। अभी कोरोना के मरीज भी बढ़ रहे हैं। नए-नए वेरिएंट्स आ रहे हैं, इसलिए सभी को सतर्कता डोज लगवानी चाहिए। इससे कोई नुकसान नहीं है।

**- डा. सरमन सिंह, वायरोलाजिस्ट एवं पूर्व निदेशक, एम्स भोपाल**

# अंध विश्वास या हकीकत!

# बरही में मीना बाजार वालों पर पानी बांधने का आरोप






## बरही तहसील क्षेत्र सूखे के आसार

**बरही,यशभारत।** देश व मध्यप्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश होने से बाढ़ के हालात है, तो वही कटनी जिले के बरही-विजयराघवगढ़ तहसील क्षेत्र में सूखे के आसार बन रहे है। 1 माह बीतने के बाद भी इस क्षेत्र में बारिस नही हो रही है, जब कि हर दिन आसमान में काले-काले बादल छाए रहते है और बिना पानी गिरे बादल छट जाते है, तेज धूप निकल आती है। बरही क्षेत्र में बारिस न होने का आरोप मीना बाजार के ऊपर मढ़ा जा रहा है, लोग कह रहे है कि जब-जब बरसात के समय मीना बाजार वाले आते है, तब-तब बरसात नही होती है। बरही के व्यापारी लक्ष्मण कचेर उर्फ मंजा का कहना है कि मीना बाजार वालो ने पानी को बांध दिया है, जिससे क्षेत्र बरसात नही हो रही है। यही चर्चाएं पूरे नगर व क्षेत्र में चल रही है कि मीना बाजार वालो ने पानी को बांध गाड़ दिया है। यह अंधविश्वास है या फिर हकीकत। लेकिन इस तरह की अफवाह पूरे क्षेत्र में इन दिनों चल रही है। गौरतलब है कि पिछले एक पखवाड़े से बरही के विजयनाथधाम मेला प्रांगण में ग्वालियर से आए मीना बाजार का संचालन किया जा रहा है, जो आगामी 30 जुलाई तक चलेगा। मीना बाजार लगने के पूर्व यहां हर दूसरे दिन 15 दिनों तक अच्छी बारिश हो रही थी, लेकिन जब से मीना बाजार का संचालन प्रारंभ हो रहा है, तब से बरही क्षेत्र में बरसात न होने से किसानों के साथ व्यापारी व आमजन खासे चिंतित नजर आ रहे है।



# मतगणना हेतु गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायकों का प्रशिक्षण

**कटनी,यशभारत।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय के तहत नगर परिषद बरही एवं नगर निगम कटनी की मतगणना 20 जुलाई को एवं नगर परिषद विजयराघवगढ़ एवं कैमोर की मतगणना 17 जुलाई को होना है। निर्धारित स्थानों पर मतगणना कार्य हेतु गणना पर्यवेक्षक एवं सहायक का प्रशिक्षण ऑडिटोरियम बस स्टैंड में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को मतगणना के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों एवं राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर मुकेश द्विवेदी अभय कुमार जैन एवं राजेंद्र असाटी मौजूद रहे।

# अब तक 207.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज



**कटनी,यशभारत।** कटनी जिले में इस वर्ष 1 जून से 16 जुलाई की अवधि तक कुल 207.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि बीते वर्ष इसी अवधि के दौरान 179.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल पिछले वर्ष की तुलना में 28.3 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अलोच्य अवधि तक वर्षा मापी केंद्र कटनी में 169.8 मिलीमीटर, रीठी में 238.3 मिली मीटर, बड़वारा में 170.5 मिलीमीटर, बरही में 188.0 मिलीमीटर, विजयराघवगढ़ में 178.3 मिलीमीटर, बहोरीबंद में 240.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद में 259.9 मिलीमीटर एवं ढीमरखेड़ा में 219.7 मिलीमीटर वास्तविक वर्षा दर्ज की गई।

# पूर्व छात्र आयुष बने सीए



**कटनी,यशभारत।** डीपीएस के पूर्व छात्र आयुष जैन ने सीए चर्टार्ड अकाऊटेट की डिग्री हासिल कर अपने माता-पिता के साथ-साथ डीपीएस एवं अपने शहर का नाम भी रोशन कर दिया। आयुष ने अपने पिता सुधीश जैन एवं माता आभा जैन के साथ साथ विद्यालय एवं अपने महाविद्यालय के शिक्षकों को दिया, उनका कहना है कि माता-पिता के आशीर्वाद एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन के बिना कुछ भी संभव नही है। वही डीपीएस की प्राचार्या एवं शिक्षकों का कहना है कि आयुष डीपीएस का एक मेधावी छात्र रहा है। अपनी बहुमुखी प्रतिभा से सभी को प्रभावित करता रहा है। आयुष विद्यालय में छात्रनेता का प्रदभार संभाला जो कि उसकी नेतृत्व क्षमता का परिचायक था। उसने विद्यालय स्तर पर ही अपनी ऐसी चमक बिखेरी थी जिस कारण सभी उसके उज्ज्वल भविष्य के प्रति आशान्वित थे। आयुष के पिता डीपीएस के ट्रस्टी भी हैं। ये डीपीएस के लिए खुशी का विषय हैं। आयुष की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए विद्यालय के शाखा निर्देशक अनुराग जैन एवं प्रबधक निर्देशिका श्रीमती जूही जैन ने आयुष को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंध निर्देशिका श्रीमती जूही जैन ने कहा कि आयुष एक बहुत ही होनहार छात्र था जो कि डीपीएस के दुसरे बैंच का छात्र था। आयुष की मेहनत एवं लगन आज रंग लाई हैं। निश्चित रूप से यह कहा जा सकता है कि आयुष की सफलता सभी बच्चों के लिए प्रेरणास्त्रोत का कार्य करेगी। उन्होंने कहा हम ईश्वर से प्रार्थना करते है कि आयुष की ही भांति डीपीएस की बगिया के सभी फूल पुरे जहां में अपनी सफलता रूपी खुशबु बिखेरते रहे।





# पांच महाविद्यालयों में युवा महापंचायत

**कटनी,यशभारत।** म.प्र.शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कटनी जिले के 05 महाविद्यालयों में स्वाधीनता के अमृत वर्ष पर मध्यप्रदेश की धरती पर जन्मे स्वाधीनता संग्राम के युवा अग्रदूत चन्द्रशेखर आजाद की 116वीं जन्म जयंती के अवसर पर युवा महापंचायत का आयोजन को 05 पांच महाविद्यालयों में आयोजित हुआ। इस युवा महापंचायत में पर्यावरण के प्रति युवाओं की जिम्मेदारी, उद्यमिता व स्व-रोजगार में बढ़ते अवसर, मेरा एमपी मेरा गौरव, खेलों में एमपी के लिए अपार संभावनाएं, समाज निर्माण में अग्रसर युवा, लोकतंत्र में युवाओं की निर्णायक भागीदारी विषय पर अपने-अपने विचार रखे। शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महावि. कटनी में जिलास्तरीय युवा महापंचायत समय 10:30 बजे से महाविद्यालय सभागार में आयोजित होगी, जिसमें विद्यार्थियों ने इस बिन्दुओं पर अपने-अपने विचार व्यक्त करेंगे। युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करना, नीति-निर्धारण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराना, प्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक व बौद्धिक योगदान से युवाओं को अभिभूत कराना, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की संकल्पना में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना, मध्यप्रदेश की युवा प्रतिभाओं को एक मंच पर लाकर उनके विचारों का आदान-प्रदान कराना। आज स्कीनिंग शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महावि. कटनी में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के.खरे जी ने सर्वप्रथम युवाओं को युवा महापंचायत के बारे में जानकारी दी। इस आयोजन में निर्णायक मण्डल के रूप में डॉ. माधुरी गर्ग, डॉ. नाहिद् सिद्दीकी, श्रीमती पद्मजा शुक्ला, श्रीमती रेखा अंजू तिवारी, श्री गोकरण कुशवाहा रहे। आज के कार्यक्रम में डॉ. चित्रा प्रभात, डॉ. कुमुद श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी, डॉ. सरदार दिवाकर एवं महाविद्यालय के अधिकारी/कर्मचारियों का सक्रिय योगदान रहा।



# लोकतंत्र में युवाओं की निर्णायक भागीदारी

**कटनी,यशभारत।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आर. के. गुप्ता के मार्गदर्शन में चंद्रशेखर आजाद की 116वीं जयंती के उपलक्ष्य में युवा महापंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं के द्वारा पर्यावरण के प्रति युवाओं की जिम्मेदारी, उद्यमिता व स्वरोजगार में बढ़ते अवसर, मेरा मध्यप्रदेश मेरा गौरव, खेलों में मध्यप्रदेश के लिए आपार संभावनाऐं, समाजिक निर्णय में अग्रसर युवा, लोकतंत्र में युवाओं की निर्णायक भागीदारी, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की संकल्पना, नीति निर्धारण में युवाओं की भागीदारी विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम प्रभारी श्री अमिताभ पान्डेय द्वारा भी चंद्रशेखर आजाद जी के जीवन शैली पर अपने विचार प्रस्तुत किए। श्री रामेश्वर सिंह एवं डॉ. रीना मिश्रा कार्यक्रम की सह-प्रभारी रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफके सदस्य डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल, श्री फूलचंद कोरी, सुश्री आरती वर्मा, डॉ. स्मिता मसीह, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. नीना बजाज, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, श्री गणेश प्रसाद निषाद, श्री नागेन्द्र यादव, श्री बिनेश कुमार यादव, सुश्री सोनिया कश्यप, श्री प्रेमलाल कांवरे, श्री भीम बर्मन, श्रीमती बंदना मिश्रा, श्रीमती सुमन अहिवार, श्रीमती पूनम गर्ग, श्रीमती नेहा चौधरी, डॉ. प्रतिमा सिंह, श्रीमती सृष्टि श्रीवास्तव, श्रीमती पुष्पा कुशरे तथा डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह की उपस्थिति रही।



# साइंटिस्ट और तकनीकी अधिकारी ने किया जल संरचनाओं का निरीक्षण



**कटनी,यशभारत।** कैच द रेन अभियान के अंतर्गत जल शक्ति मंत्रालय द्वारा नियुक्त नोडल ऑफिसर एवं तकनीकी अधिकारी सांइटिस्ट पी.के.सिंह ने शनिवार को ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर निर्मित जल संरचनाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने जनपद क्षेत्र ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत बम्हनी के ग्राम बनेहरा,करौंदी व अन्य ग्रामों में निर्मित एवं निर्माणाधीन जल संरचनाओं व अन्य कार्यों का अवलोकन किया, उन्होंने अमृत सरोवरों एवं अन्य निर्माणाधीन कार्यों का भी निरीक्षण किया। श्री पीके सिंह ने कराए गए अमृत सरोवर निर्माण की गुणवत्ता ,स्थल चयन की सराहना की। तकनीकी अधिकारी श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीण जनों से संवाद करते हुए निर्माणाधीन जल संरचनाओं की उपयोगिता पर चर्चा करने पर ग्रामीण जनों ने इसे अत्यंत उपयोगी माना और कहा कि अमृत सरोवर निर्माण से मछली पालन, सिंघाड़ा उत्पादन, किसानों को सिंचाई हेतु पानी की व्यवस्था, पशुओं को पीने का पानी एवं ग्रामीण जनों को निस्तार हेतु पानी की उपलब्धता बनी रहेगी। ग्रामीणों ने कहा कि मनरेगा कार्यों से हमें रोजगार मिल रहा है। इन कार्यों से हमें मजदूरी और काम मिलता है। हम लोग परिवार की देखभाल कर पाते हैं। मनरेगा योजना हम लोगों के लिए लाभकारी स्कीम है। श्री सिंह ने निर्माणाधीन अन्य कार्यों के विषय में भी जानकारी ली। सीईओ जिला पंचायत श्री गोमे और अन्य विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जिले में नवीन तालाब ,ड्रेनेज लाइन सुधार, नहर सुदृढ़ीकरण ,चेक डेम ,स्टॉप डेम, सोक पिट ,रिचार्ज पिट, मेड बंधान, गेवियन, लूज बोल्डर स्ट्रक्चर , वृक्षारोपण एवं नर्सरी निर्माण संबंधी कार्य कराए गए हैं। श्री सिंह ने कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से अच्छे कार्य कार्य कराए जा सकते हैं, अमृत सरोवर को प्राकृतिक स्थल के रूप में विकसित किया जाए इनके तटों पर पिकनिक स्पॉट और दर्शनीय स्थल बनाने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। ऐसे कार्यों की समय-समय पर निगरानी दलों के माध्यम से की जावे। स्व सहायता समूह के माध्यम से वृक्षारोपण के अंतर्गत फलदार पौधे लगाने एवं विक्रय होने पर आय के स्त्रोत में वृद्धि होने से समूहों को रोजगार मिलेगा। ऐसे रोजगार सृजित करने वाले कार्यों की भी साइंटिस्ट श्री सिंह ने प्रशंसा की। भ्रमण के दौरान कार्यपालन यंत्री लाजरूस किरकेटटा, सीईओ जनपद विनोद पांडेय, सहायक यंत्री इकबाल सिंह एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी रही।




# पात्रों को लगेगी नि:शुल्क कोविड वैक्सीन की प्रिकॉशन डोज

**कटनी, यशभारत।** कोविड वैक्सीन अमृत महोत्सव के अंतर्गत कटनी जिले में 30 सितम्बर तक 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पात्र हितग्राहियों को जन अभियान के रूप मे कोविड -19 की प्रिकॉशन डोज नि : शुल्क दी जायेगी। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने इस संबंध मे सभी जरूरी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को समुचित तैयारियों की हिदायत दी है। ताकि जिले का कोई भी पात्र व्यक्ति प्रिकॉशन डोज से छूटने न पाये। जिले मे अगले 75 दिनों तक कोविड वेक्सीनेशन की प्रिकॉशन डोज देने का जन- अभियान चलेगा। कोविड वेक्सीन अमृत महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ 21 जुलाई को किया जायेगा। जिले के 18 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे समस्त नागरिक जिन्होंने कोविड 19 वेक्सीन की द्वितीय डोज उपरांत 6 माह अर्थात 26 सप्ताह की अवधि पूर्ण कर ली हो, वे सभी नागरिक कोविड -19 वेक्सीन की प्रिकॉशन डोज हेतु पात्र होगें। जिन हितग्राहियों को जिस वेक्सीन का द्वितीय डोज दिया गया है, प्रिकॉशन डोज के रूप में वही वेक्सीन दी जायेगी। मतलब कोवीशील्ड से टीकाकृत व्यक्ति को कोवीशील्ड तथा कोवैक्सीन से टीकाकृत को कोवैक्सीन की ही प्रिकॉशन डोज दी जायेगी। जिले के प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र पर कोविड -19 टीकाकरण सत्र प्रतिदिन शासकीय अवकाश एवं रविवार को छोडकर आयोजित किया जायेगा। जबकि नियत टीकाकरण सत्र मंगलवार एवं शुक्रवार को आयोजित किये जायेंगे। कोविड वैक्सीनेशन अमृत महोत्सव के दौरान 27 जुलाई, 3 अगस्त,17 अगस्त, 31 अगस्त, 14 सितंबर एवं 28 सितंबर को जनभागीदारी द्वारा वैक्सीनेशन महाअभियान आयोजित किया जायेगा। प्रिकॉशन डोज की कोविड-19 वैक्सीन के लिए जिले के 8 लाख 80 हजार 460 व्यक्ति पात्र है। इन सबकों नि :शुल्क प्रिकॉशन डोज दी जायेगी।



# कल स्कूल बसों की होगी आकस्मिक जांच

**कटनी, यशभारत।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा दिए निर्देशों के तहत स्कूली बसों में बच्चों व विद्यार्थियों का सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करने जिले में 18 जुलाई से स्कूल बसों की औचक जांच की जायेगी। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर आर.टी.ओ. सुश्री रमा दुबे ने बताया कि स्कूल के अग्र एवं पृष्ठ भाग पर स्कूल बस लिखा होना चाहिए यदि अनुबंधित बस है तो उस पर ऑन स्कूल ड्यूटी लिखा होना चाहिये। स्कूली बसों का रंग पीला होना चाहिए, स्कूल बस में प्राथमिक उपचार के लिए फर्स्ट एड बॉक्स होना अनिवार्य है। स्कूल बस में निर्धारित मानक के अनुसार गति नियंत्रक यंत्र (एस.एल.डी.) होना आवश्यक है। स्कूल बस में खिडकियों पर समानांतर (हॉरिजेन्टल) ग्रिल्स, अग्निशमन यंत्र की सुविधा, स्कूल का नाम एवं दूरभाष क्रमांक अंकित हो, प्रवेश एवं निर्गम हेतु पृथक-पृथक दरवाजे, बस के दरवाजे पर लगे ताले ठीक एवं आटोमेटिक स्थिति में होना अनिवार्य है। स्कूली बसों में शिक्षित एवं प्रशिक्षत चालक हो, किसी भी शिक्षक अथवा पालक को बस में सुरक्षा का अवलोकन करने के दृष्टि से जाने की सुविधा, स्कूली बस चालक के पास कम से कम 5 वर्ष का अनुभव भारी वाहन चलाने का हो, सीटों के नीचे बस्तों की सुरक्षा हेतु अलग से स्थान हो। स्कूली बसों में ऐसे चालक नहीं रखा जावे जिसपर एक वर्ष मे दो बार से अधिक लाल बत्ती सिंग्नल के उल्लंधन, लेन अनुशासन भंग करने अर्थदण्ड या शास्ति अधिरोपित हुई हो, ऐसे चालक भी न रखे जावे जिसपर निर्धारित गति सीमा से वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन चलाने या खतरनाक ढंग से वाहन चलाने के लिए एक वर्ष मे एक बार भी अर्थदण्ड या शास्ति अधिरोपित हुई हो, बसों मे जी.पी.एस सिस्टम एवं सी.सी.टी.व्ही. कैमरे लगाना अनिवार्य है। जिन स्कूल बसों मे छात्राएं होती है वहां पर एक शिक्षित परिचालिका या स्कूल स्टाफहोना चाहिए। स्कूल संचालकों द्वारा एक ट्रांसपोर्टर मैनेजर की नियुक्ति होना चाहिए जो बच्चों की सुरक्षा हेतु उत्तरदायी हो। आर0टी0ओ सुश्री दुबे ने बताया कि 18 जुलाई के पूर्व स्कूल बस संचालक एवं ट्रांसपोर्ट मैनेजर स्कूली बसों में उक्त मानकों का पालन कर निर्धारित सुविधाएं सुनिश्चित करायें अन्यथा निर्धारित मापदण्डों की पूर्ति नही किये जाने पर 18 जुलाई के पश्चात मोटरयान अधिनियम 1988 में निहित प्रावधानों के अनुसार विधि अनुरूप कार्यवाही की जावेगी।

# ललित मोदी के साथ रिश्ते के बाद सुष्मिता सेन ने किया अपने भाई राजीव को अनफॉलो, क्या हो गई तकरार

## हाल ही में आई खबरों के अनुसार सुष्मिता अब अपने भाई राजीव सेन को इंस्टाग्राम पर फॉलो नहीं करती हैं



मुबइ,एजसा । बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन के फैंस इस समय काफी खुश हैं। ललित मोदी के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर वे इस समय हर जगह चर्चा का विषय बनी हुई हैं। देखा जाए तो सुष्मिता सेन एक फैमिली लेडी हैं। उन्हें अक्सर अपने परिवार के साथ समय बिताते देखा गया है। साथ ही सुष्मिता को कई बार अपने भाई के साथ दुबई में वेकेशन एंजॉय करते हुए भी देखा गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सुष्मिता सेन इंस्टाग्राम पर अपने भाई को फॉलो नहीं करती हैं। जबकि पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता अपनी भाभी चारू असोपा को फॉलो करती हैं। लेकिन चारू और राजीव अब तलाक लेने जा रहे हैं। इस बात की पुष्टि कुछ दिनों पहले ही चारु ने मीडिया से बातचीत के दौरान की है।

### सुष्मिता नहीं करती अपने भाई को फॉलो

स्टार प्लस के सीरियल मेरे अंगने की फेम चारु असोपा ने कुछ दिनों पहले ही सुष्मिता के भाई राजीव सेन से अपनी मैरिड लाइफ को लेकर की चौंकाने वाले खुलासे किए थे। उन्होंने यह बताया था कि वे राजीव सेन से तलाक लेना चाहती हैं। वहीं अगर राजीव सेन के बारे में बात करें तो वे अपने इंस्टाग्राम से अपनी बहन सुष्मिता और पत्नी चारु को फॉलो नहीं करते हैं। लेकिन राजीव ललित मोदी को फॉलो करते हैं। वहीं सुष्मिता के रिलेशनशिप को लेकर भी राजीव ने कहा था कि उन्हे इस बात की कोई जानकारी नहीं है।

### सुष्मिता के रिश्ते की नहीं है जानकारी

हाल ही में ललित मोदी ने सुष्मिता सेन के साथ अपने रिश्ते का ऐलान किया था।





जिसके बाद सोशल मीडिया पर हर तरफ उन दोनों की चर्चा हो रही है। ललित मोदी ने एक पोस्ट शेयर कर उनके रिश्ते की जानकारी दी थी। उन्होंने ट्विटर पर कुछ फोटोज शेयर की थी जिसमें सुष्मिता और ललित रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे थे। साथ ही ललित ने एक प्यार भरा कैप्शन भी लिखा था। जिसके बाद सुष्मिता के भाई राजीव से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने रिएक्ट करते हुए कहा कि मुझे अपनी बहन के रिलेशन के बारे में बाकियों की तरह ही शॉक लगा है। मुझे इस बारे में कुछ भी नहीं पता था। इस बारे में मैं अपनी बहन से बात करूगा। इसक बाद हा कुछ कह पाऊगा। वहीं हाल ही में सुष्मिता और ललित मालदीव और सर्दीनिया के वेकेशन से वापस लौटे हैं।

### सुष्मिता सेन ने नहीं दी पिता को अपने रिलेशनशिप की जानकारी,

### बोले मीडिया से पता चला मुझे

जब से बिजनेसमैन ललित मोदी ने बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन के साथ सोशल मीडिया पर अपने रिश्ते का ऐलान किया है तब से इंटरनेट पर हर तरफ वे दोनों ही छाए हुए हैं। ललित मोदी ने इस बात का खुलासा अपने सोशल मीडिया पर सुष्मिता और उनकी कुछ फोटोज साझा कर किया था। इस खबर ने बहुत से लोगों को हैरान कर दिया था। इतना ही नहीं सुष्मिता के भाई भी इस खबर को सुनकर काफी हैरान थे। अब सुष्मिता के पिता शुबीर सेन का भी बयान सामने आया है। उन्होंने बताया है कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। मीडिया से एक बातचीत के दौरान सुष्मिता के पिता ने कहा कि उन्हें भी सुष्मिता के रिलेशनशिप की खबर तब मिली जब उन्होंने मीडिया में ललित मोदी की खबरों के बारे में सुना। उन्होंने ये भी बताया की अभी तक उनकी बेटी ने उनसे इस बारे में कोई बात नहीं की है।मीडिया से बात करते हुए सुष्मिता के पिता ने शुबीर सेन ने कहा कि मुझे इस बारे में कोई जानकारी या सूचना नहीं है। मैंने मेरी बेटी से हाल ही में बात की थी लेकिन उसने मुझे इस बारे में कुछ नहीं बताया। मुझे मीडिया के लोगों ने ही ललित मोदी के ट्वीट के बारे में जानकारी दी थी। क्योंकि मुझे इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं है तो मैं इस पर कोई कमेंट नहीं करना चाहूंगा। आगे शुबीर सेन ने कहा कि रिलेशनशिप में होना उनकी बेटी की जिंदगी के लिए एक बड़ा डेवलपमेंट है। अगर ऐसा कुछ भी होता तो वो उन्हें जरूर बताती। लेकिन अभी तक तो सुष्मिता ने ललित मोदी के बारे में अपने पिता को कुछ भी नहीं बताया है।



## जल्दी ही मां बनने वाली हैं अंकिता लोखंडे

## राखी सावंत ने कन्फर्म की एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी न्यूज

मुंबई,एजेंसी। टीवी एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे ने च्पवित्र रिश्ताज सीरियल से घर-घर में अपनी पहचान बना ली थी। आज हर कोई उन्हें पवित्र रिश्ता की अर्चना के नाम से भी जानता है। वे अपने किरदार से काफी मशहूर हुई थी। लेकिन अब अंकिता के फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी आ रही है। खबरें मिली हैं कि एक्ट्रेस प्रेग्नेंट हैं। वे जल्दी ही मां बनने वाली हैं। हाल ही में राखी सावंत ने एक इंटरव्यू में बताया कि अंकिता लोखंडे प्रेग्नेंट हैं। वे और विक्की अपना पहला बेबी एक्सपेक्ट कर रहे हैं। बता दें कि राखी सावंत अंकिता की काफी अच्छी दोस्त हैं। राखी ने ये भी बताया कि अंकिता जल्द ही इस बारे में आप लोगों को बता भी देगी। हाल ही में एक मीडिया इंटरेक्शन में राखी सावंत ने अंकिता लोखंडे की प्रेग्नेंसी के बारे में अपने रिएक्शन दिए हैं। राखी सावंत ने अंकिता की प्रेग्नेंसी के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा कि च्मैं उम्मीद करती हूं कि अंकिता इस बात को जल्द ही कन्फर्म करें। लेकिन मुझे समझ नहीं आ रहा है कि अंकिता जो खुशी डिजर्व करती हैं वह उन्हें मिल क्यों नहीं रही है।ज राखी सावंत ने अंकिता लोखंडे की प्रेग्नेंसी को कंफर्म कर दिया है और साथ ही यह भी उम्मीद जताई है कि अंकिता अपनी मां बनने की खबर को जल्दी ही सबके साथ शेयर करेंगी।

### राखी सावंत ने किया कन्फर्म

वहीं हाल ही में अंकिता लोखंडे और विक्की जैन ने अपनी शादी के छह महीने पूरे किए हैं। इस खुशी पर उन्होंने एक छोटा सा सेलिब्रेशन भी किया। सेलिब्रेशन की इन फोटोज को अंकिता ने अपने सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा कि च्हम दोनों को साथ में छह महीने पूरे हो गए हैं। परिवार का शुक्रिया इसे स्पेशल बनाने के लिए। आप सभी को प्यार। सबसे ज्यादा शुक्रिया मेरी भाभी का जिन्होंने इसे यादगार बनाया। मैं अभी से ही सबको मिस करने लगी हूं जल्दी वापस आना। रिया और वियान चाची आपको बहुत मिस कर रही हैं। ढेर सारा प्यार तुम दोनों को।ज बता दें कि कुछ समय पहले ही अंकिता और विक्की रिएलिटी शो स्मार्ट जोड़ी में भी नजर आए थे। दोनों ने इस शो को जीतने के साथ-साथ 25 लाख रुपये का इनाम भी जीता। दोनों ने इस शो की जीत का जश्न अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ मनाया था।



*मुंबई ,एजेंसी। बॉलीवुड की खूबसूरत और परफेक्ट एक्ट्रेस कैटरीना कैफ आज यानी 16 जुलाई को अपना बर्थडे मना रही हैं। कैटरीना 1983 में हॉन्कॉन्ग में जन्मी थीं। वे मूल रूप से ब्रिटिश मॉडल है। उन्होंने फिल्म बूम से इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। समय के साथ कैटरीना की फैन फॉलोइंग काफी बढ़ गई है। जिसके कारण बॉलीवुड के मशहूर डायरेक्टर प्रोड्यूसर उनके साथ काम करना चाहते हैं। कैटरीना कैफ बॉलीवुड की टॉप मोस्ट एक्ट्रेस में जगह बना चुकी हैं। एक्ट्रेस का नाम पहले सलमान खान और रणबीर कपूर से भी जुड़ चुका है लेकिन आखिर में कैटरीना ने विक्की कौशल से शादी की है। फिलहाल कैटरीना मालदीव्स में अपना 39वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं।*

# बॉलीवुड की सबसे महंगी एक्ट्रेस हैं कैटरीना







### बॉलीवुड की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस

सिल्वर स्क्रीन की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस कैटरीना ने जब फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा तो उन्हे हिंदी बोलने में काफी समस्या होती थी। कैटरीना ने बॉलीवुड में अपना काफी लंबा समय बिताया है। आज वे बॉलीवुड की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस में से एक हैं। कैटरीना ने अपनी खूबसूरती के साथ-साथ अपने नेचर से भी लोगों को दीवाना बना रखा है। फिल्मों में भी उन्होंने बेहतरीन काम किया है। अपनी अदाओं से कैटरीना ने लोगों का दिल जीत लिया है। मीडिया को मिली जानकारी की माने तो कैटरीना एक फिल्म के लिए 10 से 11 करोड़ रुपए लेती हैं। वहीं साल 2021 में आई एक रिपोर्ट के अनुसार एक्ट्रेस 224 करोड़ की संपत्ति की मालकिन हैं। इसके अलावा कैटरीना ब्रांड एंडोर्समेंट से भी मोटी कमाई करती हैं।

### 14 साल की उम्र में शुरू की मॉडलिंग

कैटरीना कैफ बॉलीवुड की एक सफल अदाकारा हैं। उन्होंने अपनी इस पहचान के लिए काफी मेहनत की है। कैटरीना के परिवार में उनके सात भाई-बहन हैं। वे अपनी मम्मी के बेहद ही करीब हैं। कैटरीना ने मात्र 14 साल की उम्र में पहली बार मॉडलिंग की थी। मॉडलिंग की दुनिया में कमाल करने के बाद जब फिल्मों में काम करना शुरू किया तो अपनी एक्टिंग से लोगों को दीवाना बना लिया।

कैटरीना की पहली फिल्म च्बूमज सफल नहीं रही लेकिन इस फिल्म के बाद राम गोपाल वर्मा ने अपनी फिल्म च्सरकारज में कैटरीना को एक छोटा सा रोल दिया। इसके बाद सलमान खान के साथ वे फिल्म मैंने प्यार क्यों किया में भी दिखाई दी थी। कैटरीना की लोकप्रियता शीला की जवानी और चिकनी चमेली जैसे आइटम सॉन्ग से बढ़ी थी। इन गाने में कैटरीना के डांस को देख हर कोई उनका दीवाना हो गया था। वहीं कैटरीना के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे जल्द ही फिल्म च्फोन भूतज में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म अक्टूबर में रिलीज होगी। इसके अलावा भी उनके पास कई सारे प्रोजेक्टस हैं।





## विराट कोहली को लेकर पाकिस्तानी क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने उठाये सवाल, पूछा- कौन खेल रहा है लूडो

नई दिल्ली,एजेंसी। अपने करियर के बेहद खराब दौर से गुजर रहे टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म पर पाकिस्तानी क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने भी कमेंट किया है। पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने विराट के मामले में कपिल देव के कमेंट का समर्थन किया है। कोहली के निराशाजनक फॉर्म पर पिछले हफ्ते मीडिया से बात करते हुए कपिल देव ने कहा था कि अगर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को टेस्ट से बाहर किया जा सकता है, तो विराट को भी ञ्च20ढ्ढ टीम से बाहर किया जा सकता है। कनेरिया ने भी कपिल देव की बात को दुहराते हुए फिलहाल खराब फॉर्म से जूझने के बावजूद कोहली के खेलने के फैसले पर सवाल उठाया था। इतना ही नहीं पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर कनेरिया ने दीपक हुड्डा का भी समर्थन किया, जिन्हें वाइट-बॉल सेटअप में शीर्ष फॉर्म में होने के बावजूद प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया गया। भारत के पहले बहुभाषी माइक्रो-ब्लॉगिंग मंच कू ऐप पर एक्सक्लूसिव रूप से एक पोस्ट शेयर करते हुए कनेरिया ने कहा, च्जब विश्वस्तरीय ऑफ स्पिनर अश्विन को बाहर किया जा सकता है तो विराट को क्यों नहीं? दीपक हुड्डा कहां हैं? क्यों चयन समिति और प्रबंधन भारतीय प्रतिभाशाली क्रिकेटरों के भविष्य के साथ खेल रहे हैं? भारतीय टीम और इसके प्रशंसकों के साथ लूडो खेलने वाला व्यक्ति कौन है? अर्शदीप, दीपक हुड्डा और सूर्या को पूरा भरोसा दिलाने की जरूरत है क्योंकि वे भारतीय क्रिकेट की रीढ़ हैं।

# भारत-इंग्लैंड फाइनल मुकाबला, अंग्रेजों की जमीन पर आठ साल बाद वनडे सीरीज जीतने उतरेगी टीम इंडिया

**मैनचेस्टर एजेंसी। भारत और इंग्लैंड के बीच रविवार को तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जाएगा। फिलहाल सीरीज 1-1 की बराबरी पर है और मैनचेस्टर में होने वाले तीसरे मुकाबले को जीतने वाली टीम सीरीज पर कब्जा जमाएगी। तीसरा वनडे दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा। इस मैच के लिए भारतीय प्लेइंग-11 में कोई बदलाव होने की उम्मीद नहीं है।**



लॉर्ड्स में खेले गए पिछले मैच में 100 रन की करारी हार मिलने के बाद भारतीय टीम मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के निर्णायक वनडे मैच में अपनी बल्लेबाजी रणनीति में थोड़ा बदलाव करना चाहेगी। टीम सतर्क होने के बजाय निर्भीक होकर खेलना चाहेगी।

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने हाल में समाप्त हुई टी-20 सीरीज के दौरान अति आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया था, जिससे काफी हद तक सफलता भी मिली। हालांकि, जिस तरीके से दूसरे वनडे में टीम ने 247 रन के कम स्कोर के लक्ष्य का पीछा किया, उसे देखकर लगता है कि डिफेंस की जगह भारत को आक्रामक होने की जरूरत है।

रोहित स्वीकार करेंगे कि वह और अनुभवी शिखर धवन इंग्लैंड के रीस टॉपले और डेविड विली की शानदार स्विंग के आगे कुछ ज्यादा रक्षात्मक हो गए। फिर विराट कोहली की लगातार असफलता से समस्या बढ़ गई। रोहित और धवन जैसे अनुभवी सलामी बल्लेबाजों के सामने शुरुआती दो ओवर मेडन गए। यह सकारात्मक मानसिकता नहीं दिखाता है। इसलिए निश्चित रूप से बल्लेबाजी के तरीके में बदलाव की जरूरत होगी। ओवल में पहले वनडे में जसप्रीत बुमराह ने छह विकेट लेकर अकेले दम पर टीम को जीत दिलाई थी। ऐसे में तीसरे वनडे में भी उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। भारतीय कप्तान रोहित ने भी टीम से खास अपील की है। उन्होंने कहा- खिलाड़ी टीम की भूमिका देखने के बजाय देखें कि वे अपने खेल के बारे में क्या कुछ अलग कर सकते हैं। अगर वे उस स्थिति से टीम को बाहर निकालते हैं तो सोचिए कि उनके आत्मविश्वास में इससे कितनी बढ़ोतरी होगी।

### स्टोक्स, लिविंगस्टोन फॉर्म में नहीं

इंग्लैंड की स्टार बैटिंग लाइन अप भी पहले दो मैचों में कुछ खास फॉर्म में नहीं दिखी है। मेजबान टीम में जोस बटलर, जॉनी बेयरस्टो, जेसन रॉय, बेन स्टोक्स और लियाम लिविंगस्टोन जैसे बल्लेबाज डिफेंसिव बल्लेबाजी कर रहे हैं। ऐसा लग ही नहीं रहा कि यह वही खिलाड़ी हैं, जिसने नीदरलैंड के खिलाफ 400 प्लस रन बना डाले थे।

ओल्ड ट्रैफर्ड पर सुबह होने वाले इस वनडे में बल्लेबाजी चुनौतीपूर्ण होगी। वहां गेंद काफी स्विंग करती है। भारत को यहां 2019 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, तब बारिश ने मैच में खलल डाला था।

### धवन-कोहली की भूमिका पर विचार

भारतीय कोच राहुल द्रविड़ और टीम मैनेजमेंट के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि वह 37 साल के शिखर धवन को अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप के लिए पहली पसंद मानते हैं या नहीं। यह ध्यान में रखा जाना चाहिए कि धवन केवल एक ही फॉर्मेट में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं।

ऐसे में निश्चित तौर पर उनकी लय प्रभावित हो रही है, क्योंकि उन्हें बाध्य ब्रेक लेना पड़ता है। वनडे विश्व कप में अभी 15 महीने का समय बाकी है और ऐसे में धवन पर गंभीरता से विचार किए जाने की जरूरत है। टीम मैनेजमेंट को यह सोचना होगा कि क्या आगे चलकर रोहित, धवन और कोहली ही भारत के पहले, दूसरे और तीसरे नंबर के खिलाड़ी होंगे?

कोहली निश्चित रूप से इस मैच के बाद एक महीने के लंबे ब्रेक के लिए जाएंगे। इस दौरान वह अपनी खामियों को दूर करने की कोशिश करेंगे। वह बार-बार बाहर जाती गेंदों पर बल्ला टच रहे हैं और उनकी यह कमजोरी जगजाहिर हो गई है।

### भारतीय पेस बैटरी ने दिखाया है दम

जहां तक भारत के गेंदबाजी आक्रमण का संबंध है तो उसने अभी तक पांच सफेद गेंद के मैचों में से चार में तो उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन किया है। बुमराह ने शानदार गेंदबाजी की और मोहम्मद शमी ने अक्सर विकेट चटकाने वाली गेंद फेंकी हैं। युजवेंद्र चहल ने अपनी तकनीक में थोड़ा बदलाव किया है जिससे वह थोड़ी और धीमी गेंद फेंक रहे हैं।

प्रसिद्ध कृष्णा को पिच से अच्छी खासी उछाल मिल रही है और यह सामने वाली टीम के लिए घातक साबित हो सकता है। हार्दिक पंड्या की फॉर्म में वापसी से निश्चित रूप से भारतीय खेमे में खुशी की लहर होगी। हालांकि, रवींद्र जडेजा की गेंदबाजी चिंता का विषय जरूर है। गेंदबाजी में वह लगातार नीचे जा रहे हैं। जडेजा गेंदबाजी की जगह बल्लेबाजी ऑलराउंडर के रूप में बदलते जा रहे हैं और समय ही बतायेगा कि यह उप महाद्वीप में काम करेगा या नहीं जहां कम से कम दो स्पिनरों को 20 ओवर गेंदबाजी करनी होती है।

### संभावित प्लेइंग-11

इंग्लैंड = जेसन रॉय, जॉनी बेयरस्टो, जो रूट, बेन स्टोक्स, जोस बटलर (विकेटकीपर/कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, मोईन अली, क्रेग ओवरटन, डेविड विली, ब्रायडन कार्स, रीस टॉप्ले।

भारत = रोहित शर्मा (कप्तान), शिखर धवन, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा/अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी।